CMYK

तापमान
अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 19°C

सेंसेक्स निफ्टी
80,998.25
24,620.20

सोना चांदी
99,830
1,02,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 5 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 5 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प से अलग होते ही फूटा मस्क का गुस्सा**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**दिल-आत्मा बेंगलुरु के साथ, अब चैन से सो पाऊंगा: कोहली**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## मातम में बदली जीत की पहली खुशी

# RCB के जश्न में भगदड़, 11 मरे

बेंगलुरु, वार्ता

### मृतकों के परिवार को 10 लाख का मुआवजा देगी राज्य सरकार, घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा

### भीड़ को संभालने के लिए पुलिस ने किया लाठीचार्ज पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

**बेंगलुरु में** बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री परेड में भगदड़ मच गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भगदड़ के दौरान 11 लोग मारे गए हैं। 33 लोग घायल हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं।

सिद्धारमैया ने कहा कि विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची, तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया। सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार मृतकों के परिवार को 10 लाख का मुआवजा देगी। घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। बताते चलें कि कर्नाटक सरकार ने भगदड़ या ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए रोड शो रोक दिया था, लेकिन अनुमान नहीं था कि स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं। आरसीबी की टीम जब एयरपोर्ट पहुंची, तब वहां हजारों आरसीबी फैंस मौजूद थे। आरसीबी की टीम का विधानसभा में कर्नाटक सरकार ने सम्मान किया। एक प्रोग्राम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी था। स्टेडियम के बाहर लाखों की भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। भीड़ के चलते एक बच्चा बेहोश भी हो गया था। आरसीबी के आईपीएल चैंपियन बनने पर बेंगलुरु में जश्न मनाया जा रहा था। आरसीबी ने एक दिन पहले मंगलवार को आईपीएलमें अपना पहला टाइटल जीता था। टीम ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को हराया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर





### पहले ही जारी की गई थी ट्रैफिक एडवाइजरी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ से पहले ही बेंगलुरु पुलिस की ओर से सलाह दी गई थी कि केवल वैध टिकट या पास रखने वालों को ही स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। साथ ही लोगों को निजी वाहन लाने से बचने और मेट्रो या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा गया था, क्योंकि पार्किंग की सुविधा सीमित है। बता दें कि, यह विशेष सम्मान समारोह कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की तरफ से आयोजित किया गया था। पहली बार आईपीएल जीतने के बाद आरसीबी टीम के खिलाड़ी अपने प्रशंसकों से मिलने स्टेडियम पहुंचे थे।

### राहुल गांधी ने भी हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेंगलुरु में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है। मैं उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। सभी घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस दुख की घड़ी में, मैं बेंगलुरु के लोगों के साथ खड़ा हूं। कर्नाटक सरकार को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता और राहत प्रदान करनी चाहिए। कोई भी जश्न इंसान की जान के लायक नहीं है।

# 16 साल बाद होगी जनगणना

## केंद्र ने किया तारीखों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ अधिसूचना 16 जून को होगी जारी, बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना अगले साल सितम्बर से होगी शुरू**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना-2027 में दो चरणों में कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना 16 जून को जारी की जाएगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना का काम अगले साल सितम्बर में ही शुरू किया जा सकता है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

सरकार के निर्णय के अनुसार इस बार की जनगणना में जातियों की गणना भी शामिल होगी। पिछली जनगणना 2011 में की गई थी और उस समय भी यह काम दो चरणों में पूरा किया गया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जनगणना - 2027 के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को रखी जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के प्रथम दिन रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना आगामी 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। सरकार 2021 की जनगणना कोविड के कारण नहीं करा सकी थी। जनगणना-2021 के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गई थी और पहली अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फील्ड वर्क शुरू होने वाला था। महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर और आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर विशेष चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार सत्र के दौरान न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ महाअभियोग प्रस्ताव लाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्ताव लाने का निर्णय होता है, तो उसे इसी सत्र में लाया जाएगा। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र लाने की सरकार से मांग की थी।

### आतंकवाद के विरुद्ध भारत को मिला ऑस्ट्रेलिया का साथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस बर्बर कृत्य के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया के प्रति अपना स्पष्ट समर्थन व्यक्त किया है तथा आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने का संकल्प जताया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा में जवाब देने के भारत के अधिकार पर प्रकाश डाला और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई को नपीतुली, गैर उकसावे वाली, आनुपातिक एवं जिम्मेदाराना बताया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

### ईरान पुलिस ने तीन लापता भारतीयों को ढूंढ निकाला

**तेहरान।** ईरान पुलिस ने भारतीय मूल के तीन लापता नागरिकों को ढूंढ निकाला है। मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि तीनों भारतीय नागरिक पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं, जिनके अपहरण की सूचना तेहरान पुलिस को एक मई को दी गई थी। तीनों भारतीय नागरिक ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए ईरान में रुके। इन भारतीय नागरिकों को एक स्थानीय ट्रैवल कंपनी ने कंगारू लैंड में आकर्षक नौकरियों का वादा करके अपने जाल में फंसाया था। समाचार एजेंसी ने बताया कि तीनों लोगों को दक्षिण तेहरान के वरामिन में बंधक बनाया हुआ था।

## उत्तराखंड में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों को भी टैक्स में मिलेगी छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ पर्यावरण प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से धामी कैबिनेट का निर्णय**

देहरादून। उत्तराखंड में हाइब्रिड वाहनों पर भी सोलर पावर एवं सीएनजी वाहनों की तरह ही हाइब्रिड वाहनों को भी टैक्स से छूट देने का फैसला लिया गया है।

उत्तराखंड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 के अंतर्गत जारी अधिसूचना दो जनवरी, 2019 में विद्युत बैट्री, सोलर पावर अथवा सीएनजी से चलित यानों पर एक बारीय कर की दरें निर्धारित हैं। इस अधिसूचना में केन्द्रीय मोटरयान (नवां संशोधन) नियम, 2023 के नए नियम 125 'एम' के अन्तर्गत केवल प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान एवं स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान को भी देय मोटरयान कर से छूट दिए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य वाहन स्वामियों को उपरोक्त श्रेणी के वाहन क्रय एवं उसके उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना एवं प्रदूषण में कमी लाना भी है। ये कर छूट वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल एक बार के लिए ही वैध होगी।

### ऐसे होते हैं हाइब्रिड वाहन

माइल्ड हाइब्रिड: इसमें इंजन को सपोर्ट करने के लिए छोटी इलेक्ट्रिक मोटर होती है। ये केवल इलेक्ट्रिक मोड में नहीं चल सकता।

फुल हाइब्रिड: इलेक्ट्रिक मोटर और इंजन दोनों से चल सकता है। इस वाहन के द्वारा छोटा फासला सिर्फ बैट्री से तय कर सकता है।

प्लग-इन हाइब्रिड: इस श्रेणी के वाहनों को बाहरी सोर्स से चार्ज किया जा सकता है (जैसे ईवीएस)। ये वाहन इलेक्ट्रिक मोड में लंबी दूरी तक चल सकता है।

## कोरोना से 24 घंटों में सात मरे

**■ देश में कोविड-19 के सक्रिय मामले बढ़कर 4,302 हुए**

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिपोर्ट जारी करके आंकड़ों की सूचना दी। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से सात लोगों की मौत हो गई।

इस अवधि में कोविड-19 संक्रमण के 300 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उप्र और प. बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस बीच, 3,281 मरीज ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में 60, उप्र में 63 और दिल्ली में 64 नए मामले सामने आए हैं।

## हाईकोर्ट ने राहुल को लगाई फटकार

प्रयागराज, वार्ता

**■ कोर्ट ने कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने भारतीय सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, फिर भी यह उचित प्रतिबंधों के अधीन है।

न्यायालय ने आगे कहा कि अनुच्छेद 19 (1) (ए) उन बयानों पर लागू नहीं होता है, जो भारतीय सेना के लिए अपमानजनक हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है।

## सिक्किम के लाचेन में 83 टूरिस्ट फंसे, छह लापता

### मिजोरम में 11 दिन में 626 लैंडस्लाइड, पांच लोगों की मौत

**■ मप्र-बिहार में 60 किमी रफ्तार से आंधी चलेगी**

**नई दिल्ली।** नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में पिछले दो हफ्तों से भारी बारिश लगातार जारी है। बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण लाखों लोग प्रभावित हैं। सिक्किम के लाचेन में मंगलवार को भारतीय सेना ने विदेशी नागरिकों सहित 30 टूरिस्ट को एयरलिफ्ट करके रेस्क्यू किया।

83 लोग अब भी फंसे हैं। 6 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। मिजोरम में सरकार ने टूरिस्ट्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से 13 जून तक राज्य में आने से बचने की अपील की गई है। राज्य में 24 मई से तेज बारिश जारी है। तब से 3 जून तक, 11 दिनों में मिजोरम में 626 लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। असम में बाढ़ से 6 और लोगों की मौत हो गई। यहां लैंडस्लाइड-बाढ़ में मरने वालों आंकड़ा 17 पहुंच गया है। राज्य के 21 जिले के 6.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में 1.64 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 35 हजार से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 4 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बीते 4 दिन में 100 से ज्यादा लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। नगालैंड को मणिपुर से जोड़ने वाला एनएच-2 का 50 मीटर का हिस्सा धंस गया है। मध्य प्रदेश और बिहार में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। बुधवार को दोनों राज्यों में 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है। एमपी के 17 और बिहार के 29 जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY
Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956
ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26
www.svu.edu.in
info@svu.edu.in
Changing lives forever.
Happy World Environment Day
▸ School of Engineering & Technology
Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech.
BCA | MCA
▸ School of Mass Communication
BA (JMC) | MA (JMC)
▸ School of Commerce & Management
BBA | MBA | B.Com | M.Com
▸ School of Library & Information Sciences
BLIS | MLIS
▸ School of Humanities & Languages
B.A. | M.A.
▸ School of Paramedical Sciences
Diploma in Emergency & Trauma Care Tech.
Diploma in Operation Theatre Technician
Diploma in Hospital Record Keeping
▸ School of Pharmaceutical Sciences
D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
▸ School of Law
B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
▸ School of App. Science
B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
▸ School of Education
B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
▸ School of Agriculture Science
B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
▸ School of Vocational Studies (B.Voc)
Degree Courses
(Para Medical, Agri. & Management)
B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
▸ School of Nursing
ANM | GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing
Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. INC NCTE UGC PCI MCI (NMC) AIU BCI UPSMF



CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236
MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut
Admission Helpline : 7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205

## संक्षिप्त समाचार

### सीमेंट से भरा ट्राला वैन पर पलटा, नौ की मौत, दो घायल

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में सीमेंट से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया, जिससे वैन सवार 11 लोगों में 09 की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों को समीप के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल देर रात्रि राजस्थान से सीमेंट लेकर आ रहा ट्राला (ट्रक) जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर एक वैन के ऊपर पलट गया। दुर्घटना में वैन चकनाचूर हो गई। हादसे में वैन सवार 11 लोगों में 09 की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को समीप के अस्पताल ले जाया गया, जहां के एक को गंभीर हालत में गुजराज के दाहोद ले जाया गया है। वैन सवार सभी लोग मेघनगर के निवासी हैं, जो एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में छह महिलाए और तीन पुरुष शामिल हैं, जिनकी पहचान मुकेश खपेड़ (40) अकली परमार (35), विनोद खपेड़ (16), कुमारी पायल (12), मडीबाई बामनिया (38), विजय (14), कुमारी कान्ता (14), रागनी बामनिया (09), शवलीबाई खपेड़ (35) के रूप में हुई है।

### सरकार की दिल्ली चिड़ियाघर निजी हाथों सौंपने की तैयारी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि चिड़ियाघर, राष्ट्रीय उद्यान, बाघ और अन्य रिजर्व और अभयारण्य सार्वजनिक सेवाएं हैं, लेकिन मोदी सरकार इनके भी निजीकरण की योजना पर काम कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि दिल्ली चिड़ियाघर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सीधे नियंत्रण में है, लेकिन सरकार इसका निजीकरण करने की योजना बना रही है। उनका कहना था कि यह बेहतर प्रबंधन पद्धतियों के लिए एकमात्र चिड़याघर है, लेकिन सरकार इसके निजीकरण के एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बनी रहा है। सरकार का कहा कहना है कि वह बेहतर प्रबंधन पद्धति अपनाने की बात करके सरकार की एकमात्र वनतारा और गुजरात सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा कर रही है कि यह प्रबंधन हस्तांतरण नहीं है। योजना स्पष्ट नजर आ रही है कि सरकार चिड़ियाघर को निजी उद्यम को सौंपने की दिशा में पहला कदम उठा रही है।

### पर्यावरण में भी यूपी होगा नंबर वन: सरकार

**लखनऊ।** यूपी के जंगलों की हरियाली को बचाने और बढ़ाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग की ओर से जंगलों में पेड़-पौधे और वन्यजीवों की रक्षा वैज्ञानिक तरीकों से की जा रही है। प्रदेश के सभी 79 वन प्रभागों में दस साल की कार्ययोजना लागू है, इनमें से गोरखपुर, खीरी और बिजनौर की योजनाएं इस साल 30 सितंबर को पूरी हो जाएंगी। पीलीभीत की योजना 2026 तक चलेगी। इन योजनाओं को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। सरकार का सपना है कि यूपी को सिर्फ उद्योग और विकास का नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नंबर वन बनाया जाए।

# सार्वजनिक स्थानों पर न करें कुर्बानी: शाही इमाम

**नई दिल्ली, वार्ता**

देशभर में शनिवार को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर दिल्ली की जामा मस्जिद की नायब शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी ने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा है कि ईद-उल-अजहा के त्योहार पर कुर्बानी सार्वजनिक स्थान, सड़कों या खुले स्थानों पर न करते हुए केवल घरों के अंदर या निर्धारित स्थलों पर ही करें।



सफाई और सौहार्द्र का रखें ध्यान

मौलाना बुखारी ने अपील में कहा है कि कुर्बानी की तस्वीर या वीडियो आदि न बनाएं और न ही किसी प्रकार की कुर्बानी से संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करें। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक अमन और सुकून का मजहब है और हमारी जिम्मेदारी है कि अपने व्यवहार से इस बात को साबित करें ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों। उन्होंने कहा कि इस्लाम सभी धर्म के सम्मान की शिक्षा देता है और दूसरों की भावनाओं को आहत करने से रोकता है। इसलिए कुर्बानी का काम कानून के दायरे में रहते हुए इस तरीके से किया जाए। नायब शाही इमाम ने कहा कुर्बानी एक हमारा धार्मिक फर्ज है, जिसे हर सक्षम व्यक्ति को पूरा करना चाहिए, कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है।

# राहुल गांधी कुचल रहे देश व सेना का स्वाभिमान: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भाजपा** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 'भारत के सरेन्डर' के आक्षेप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि आज़ादी के बाद भारत का इतिहास कांग्रेस के पाकिस्तान के समक्ष 'सरेन्डर' की घटनाओं से भरा पड़ा है और इसी खतरनाक मानसिकता वाली आदत, फितरत और शरारत के तहत वह देश और सेना के स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान को कुचल रहे हैं।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक तरफ भारत द्वारा भेजे गए संयुक्त संसदीय दल में तमाम विपक्षी दलों के सांसद, जिसमें कांग्रेस के सांसद भी है। वो दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों में भारत के पक्ष को गंभीरता के साथ और पूरे राष्ट्र की एकजुटता के साथ रखकर वापस आ रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी निहायत ही ओछी और स्तरहीन बातें करके यह विश्व को बता रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष का पद पाने के बाद भी उनके अंदर



गंभीरता और नेता प्रतिपक्ष की परिपक्वता का घोर अभाव है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार से हमारी सेना द्वारा दिखाए गए अप्रतिम शौर्य और सेना के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का विवरण दिया है, उसको सरेंडर से तुलना करना, ये दर्शाता है कि ये मानसिकता कितनी रोगी और कितनी खतरनाक हो चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक ऐसा बयान दिया है, जो अपरिपक्वता के स्तर को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की तुलना आत्मसमर्पण से करना न केवल हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति गहरा अनादर दर्शाता है, बल्कि उनकी कमज़ोर मानसिकता को भी उजागर करता है। अब तक उन्हें पाकिस्तान का पोस्टर बॉय माना जाता रहा है, लेकिन पाकिस्तानी सेना या उनके आतंकवादी संगठनों ने भी ऐसी शर्मनाक टिप्पणी नहीं की है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा बयान दिया है जो पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भी नहीं बोला, पाकिस्तान के किसी आतंकवादी संगठन ने भी नहीं बोला, मौलाना मसूद अजहर ने भी नहीं बोला, हाफिज सईद ने भी नहीं बोला। इसमें किसी ने यह शब्द नहीं बोला है कि भारत ने सरेंडर किया है, बल्कि उन लोगों ने अपनी-अपनी तकलीफों का इजहार गाहे-बगाहे किया है और राहुल गांधी जब यह बोल रहे हैं, तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप उन नेताओं से एक कदम आगे जाना चाह रहे हैं?

### मोदी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति दुनिया के सामने समर्पण कर रही है और इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के सामने उनका उस समय घुटनों पर आना है, जब बहादुर सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने सरेंडर करके सैन्य कार्रवाई रोकते हैं और इसकी घोषणा भी अमेरिका से होती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां कहा कि सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रम्प का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रम्प ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है, लेकिन मोदी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और देश के बाहर की विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं, जो सरेंडर कर चुके हैं। भारत की सीमा से महज 12 किलोमीटर दूर बंगलादेश के एक पुराने एयरबेस को चीन अपग्रेड कर रहा है।

## सपा मुखिया अखिलेश ने भाजपा पर बोला तीखा हमला

# कानून की धज्जियां उड़ा रहे बीजेपी नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में इसके ही पदा. धिकारियों और नेताओं द्वारा खुले आम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

उन्होंने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा के पदाधिकारियों के अश्लीलता की हद पार करते हुए वीडियो वायरल हुए है। भाजपाई नेताओं और उनके परिजनों के कुकृत्य की वीडियो क्लिपें निहायत शर्मनाक है। कोई भाजपा नेता सेक्स रैकेट चलाता मिलता है, तो कोई सरेराह दुष्कर्म में लिप्त मिल रहा है। भाजपा नेता भूमाफिया खुलेआम गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। भाजपा के कई प्रवक्ता भाषा और संस्कार की मर्यादा को धूल धूसरित करते हुए विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित कर रहे हैं, उन पर कोई रोक नहीं लगती है। यादव ने कहा कि ए कौन से संस्कार हैं, जो सामने आ रहे हैं। दरअसल यही भाजपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है, जिसे भाजपा धर्म और राष्ट्रवाद के दावों के बीच छुपाती है, जबकि भाजपाइयों का असली चरित्र ही भ्रष्टाचारी है। सरकारी भ्रष्टाचार का



भाजपा नेता खुलेआम कर रहे गरीबों की जमीन पर कब्जा, सेक्स रैकेट में भी हो रहे शामिल

पर्दाफाश करने वालों के खिलाफ झूठे केस लगाकर बुरी तरह उत्पीड़ित किया जाता है। भाजपा सरकार में सरेआम अवैध कांड हो रहे है, इसके पीछे भाजपा नेताओं एवं प्रशासनिक अमले की सांठगांठ और मिली भगत होती है। नदियों की छाती चीरकर रेत निकाली जा रही है। पहाड़ काटे जा रहे है। सड़कें बनने के साथ ही उखड़ने लगती है। बांदा में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ रुपए की लागत से बनी पानी की टंकी टेस्टिंग में फेल। कई जिलों में टंकिया फट गई। खनन अब उद्योग नहीं भाजपा सरकार में लूट का धंधा बन गया है। यादव ने कहा कि सत्ता संरक्षित स्वजातीय गुंडे अराजकता फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### यूपी में चुनाव लड़ेगी करणी सेना: रघुवंशी

**वाराणसी।** यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर चल रही हलचल के बीच अब करणी सेना ने भी इसमें एंट्री ले ली है। वाराणसी पहुंचे करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि करणी सेना उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनाव को लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। जल्द ही इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया जाएगा। इसके अलावा हम उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी उतरने की पूरी तैयारी में है। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव के साथ-साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 भी लड़ने की तैयारी में है। जल्द ही वाराणसी और लखनऊ में इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया जाएगा।

### सरकार के एक साल पूरा होने पर सपा सुप्रीमो ने छिड़का जख्मों पर नमक

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व सीएम और सपा के राष्ट्रीय मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा के पुराने सियासी जख्मों पर नमक छिड़क दिया है। जून 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा कि पीड़ित ही पीडीए हैं। बता दें पिछले साल 4 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम आए थे, जिसमें सपा ने रिकॉर्ड 37 सीटें हासिल की थीं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर कन्नौज सांसद ने लिखा कि आज 4 जून का वो ऐतिहासिक दिन है, जिसने एक साल पहले देश की राजनीति में उप्र में पीडीए की एकजुटता का वो परिणाम देखा था, जिसने साम्प्रदायिक राजनीति की नकारात्मकता को हराकर( उप्र में सकारात्मक, सौहार्द्रपूर्ण और जन संवेदना से जुड़ी उस राजनीति का नया दौर शुरू किया था, जो देश के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही है।

उन्होंने लिखा कि पीड़ित, दुखी, अपमानित हर पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक और आधी आबादी के रूप में प्रताड़ित महिला, उत्पीड़ित आदिवासी, गरीब, किसान, मजदूर, कारोबारी, नौकरीपेशा, बेरोजगार युवा और हर एक वर्ग का हर पीड़ित पीडीए से लगातार जुड़ रहा है और एक बड़े 'पीडीए परिवार' का निर्माण कर रहा है, पीडीए ही भविष्य है! जो पीड़ित वो पीडीए! सपा सांसद प्रिया सरोज ने भी 4 जून 2024 के परिणाम के संदर्भ में पोस्ट किया और सपा नेता का शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा कि आज के दिन सांसद के रूप में मेरे एक वर्ष पूरे हो गए हैं। यह मेरे लिए सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि आप सभी की उम्मीदों और विश्वास की जिम्मेदारी है। 4 जून 2024 को जब आपने मुझ पर भरोसा जताकर मुझे सबसे युवा महिला सांसद चुना, वह पल मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान था। सपा नेता ने लिखा कि इस एक वर्ष की यात्रा में आपने जो स्नेह, मार्गदर्शन और समर्थन दिया, उसके लिए मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। मैं विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव का धन्यवाद करती हूं, जिनकी प्रेरणा और विश्वास ने मुझे हर मोड़ पर हौसला दिया।

# इस बार कृषि क्षेत्र में आय वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई, वार्ता**

अच्छे मानसून की संभावनाओं ने फूंकी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10.15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है। इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 6 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही, तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, एस्कॉर्ट्स कुबोटा जैसी कंपनियों की ट्रैक्टर बिक्री में पहले ही उल्लेखनीय सुधार दिखा है। मई 2025 में महिंद्रा ने 38,914 ट्रैक्टर बेचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी है, वहीं एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने सालाना बिक्री में 15.7 प्रतिशत का मुनाफा दर्ज किया। इसके पीछे बेहतर जलाशय स्तर, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और सरकारी योजनाओं का समर्थन रहा।

गोलफाई को विश्वास है कि निफ्टी 50 अगली दो तिमाहियों में छह-आठ प्रतिशत रिटर्न दे सकता है विशेषकर मिडकैप और अन्य शेयरों में निवेशक रुचि दिखा सकते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भी इस साल औसत से छह प्रतिशत अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे कृषि और ग्रामीण खपत को और गति मिलने की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी चढ़े

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति की उम्मीदों और इस सप्ताह के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं के बीच बुधवार को स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 260.74 अंक की छलांग लगाकर 80,998.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 77.70 अंक उछलकर 24616.15 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 45,502.84 अंक और स्मॉलकैप 0.



58 प्रतिशत की मजबूती के साथ 52,868.85 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4155 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2071 में लिवाली जबकि 1933 में बिकवाली हुई वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2978 कंपनियों के शेयरों में से 1650 में तेजी जबकि 1236 में गिरावट रही वहीं 92 में टिकाव रहा। बीएसई में बैंलकग और रियल्टी की 0.77 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में जबरदस्त लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 40 अंक बढ़कर 80,777.65 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,705.18 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वही लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,087.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,737.51 अंक के मुक. ाबले 0.32 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 80,998.25 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 18 अंक उठकर 24,560.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,530.45 अंक के निचले, जबकि 24,644.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,542.50 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत चढ़कर 24,620.20 अंक पर बंद हुआ।

### देश की सर्वाधिक डॉल्फिन यूपी में

**लखनऊ।** जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जारी कवायद में उत्तर प्रदेश को आशातीत सफलता मिल रही है। मसलन देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

वन विभाग के अनुसार प्रदेश में 2018 में बाघों की संख्या 173 थी, जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। नदियों को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाने वाले धरती के सबसे पुराने जीव कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ इनके संरक्षण के भी प्रयास हो रहे हैं। उनके प्राकृतिक आवासों को संरक्षित किया जा रहा है। गंगा के किनारे बसे मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा और बुलंदशहर पर खास फोकस है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 18 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3956 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट चढ़कर 46.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस



चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे

दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500- 4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16484 रुपए, मूंगफली तेल 17912 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14138 रुपए, पाम ऑयल 14286 रुपए और वनस्पति तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में बहुप्रतीक्षित कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली कटरा संगलदान रेलवे लाइन, चिनाब एवं अंजी खड्ड रेलवे पुलों के उद्घाटन तथा दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही 46 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी 6 जून को जम्मू- कश्मीर का दौरा करेंगे। इस क्षेत्र में रेल अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11 बजे चिनाब पुल का उद्घाटन करेंगे और पुल के डेक का दौरा करेंगे। इसके बाद वह अंजी पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। वह दोपहर करीब 12 बजे वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**आरसीबी के ...**

कर्नाटक सरकार को तुरंत जरूरी कदम उठाने चाहिए, ताकि आगे ऐसी इवेंट के दौरान हादसे न हों। जीत का जश्न कभी लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। पूर्व क्रिकेटर मदन लाल बोले कि लोग भगदड़ की इस घटना और विराट कोहली को कभी नहीं भूलेंगे। जब लोग बाहर मर रहे थे, तब अंदर जश्न मनाया जा रहा था। यह वास्तव में चौंकाने वाला और निराशाजनक है। बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि मृतकों और घायलों के परिवार की जितनी मदद हो सकती है, हम करेंगे। कर्नाटक सरकार और आईपीएल फ्रेंचाइजी से भी बात हो रही है। ये कोई पॉलिटिक्स की बात नहीं है। आरसीबी की विक्ट्री परेड में मौजूद महेश ने कहा कि लोग विराट कोहली और टीम को देखने आए थे। कई लड़कियां चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने की कोशिश कर रही थीं। मैंने देखा कि एक लड़की गिर पड़ी, लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं पहुंचा। पुलिस भी कुछ नहीं कर पा रही थी, क्योंकि वहां बहुत भीड़ मौजूद थे।

# करों में राज्य की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत की जाए:अरविंद

## 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने सीएम योगी के साथ की बैठक

**लखनऊ, वार्ता**

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश देश के कुछ अन्य राज्यों ने केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत करने की मांग की है।

पनगढ़िया ने आयोग के सदस्यों के साथ एक पत्रकार सम्मेलनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी और कहा कि बैठक में योगी ने राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है।

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया



योगी ने राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को मांग पत्र सौंपा

45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

उन्होंने कहा कि क्षैतिज वितरण के संदर्भ में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में जनसंख्या 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल 15 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत और जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12-5 प्रतिशत शामिल है, उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग में सबसे अधिक 45 प्रतिशत इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया को दिया गया था। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वित्त आयोग ने राज्यों को 41 फीसदी और केंद्र सरकार को 59 फीसदी हस्तांतरित किया था। यह कर राजस्व का वर्तमान विभाजन है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# किठौर में लखनऊ नारकोटिक्स टीम की दबिश, एक दबोचा

**संभल के तस्कर को लेकर किठौर पहुंची थी टीम, आरोपी के घर सघन तलाशी के बाद बैरंग लौटी**

■ दोनों आरोपियों को साथ लेकर टीम रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** लखनऊ नारकोटिक्स और स्थानीय पुलिस टीमों ने बुधवार सुबह किठौर के मोहल्ला जलालुद्दीन पुरा में दबिश देकर एक व्यक्ति को धरदबोचा। किठौर थाने में पूछताछ के बाद टीम पुन: व्यक्ति के घर पहुंची और परिवार के सदस्यों को बाहर कर मकान की तलाशी ली लेकिन कुछ भी हाथ नही लगा।

दोपहर करीब 2:15 बजे टीम पकड़े गए व्यक्ति को लेकर लखनऊ रवाना हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 9:45 बजे लखनऊ नारकोटिक्स इंस्पेक्टर कौशलेंद्र कुमार मिश्रा तीन सदस्यीय टीम और पकड़े गए नारकोटिक्स तस्कर नाजिम पुत्र राशिद निवासी लुकंदी सराय संभल को लेकर किठौर थाना पहुंचे। यहां से स्थानीय पुलिस के साथ उन्होंने मोहल्ला जलालुद्दीन पुरा में दबिश देकर मिस्त्री मौमीन पुत्र अखलाक को उसके घर से दबोच लिया। थाने में मौमीन से घंटों पूछताछ के बाद टीम पुन मौमीन के घर पहुंची और परिवार के सदस्यों को बाहर कर पूरा घर खंगाला। सघन तलाशी के बावजूद कुछ भी हाथ न लगने पर टीम वापस थाने पहुंची और मौमीन को लेकर लखनऊ चले गये।

## 10 को फलावदा थाने में होगी लावारिश वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उप जिलाधिकारी मवाना ने प्रभारी निरीक्षक थाना फलावदा को पत्र प्रेषित करते हुये अवगत कराया कि थाना फलावदा पर खड़े 55 लावारिस वाहनों की नीलामी 10 जून दिन मंगलवार को 11 बजे डीएम के आदेश पर की जाएगी। समिति में पुलिस क्षेत्रधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे। उक्त वाहनों की नीलामी उनकी अध्यक्षता में की जायेगी। लोगों को नीलामी में समय से पहुंचने के लिए कहा गया है।

# 20 हजार की घूस लेते सदर तहसील का कानूनगो रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार की सुबह दिन निकले एंटी करप्शन डिपार्टमेंट की टीम ने टीपी नगर थाना क्षेत्र में 20 हजार की घूस लेते सदर तहसील के कानूनगो को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कानूनगो ने यह रकम एक किसान से उसकी जमीन की नपाई की एवज में मांगी थी। आरोपी को टीपी नगर पुलिस के सुपुर्द करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उधर, कानूनगो की गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही सदर तहसील के कर्मचारियों में हड़कंप मचा है। पांचली गांव के रहने वाले कैलाशचंद ने बताया कि उनका अपने एक पड़ोसी से खेती की जमीन की डोलबंदी को लेकर विवाद चल रहा है। वर्ष 2024 में तहसील के अधिकारियों ने जमीन की नपाई के आदेश दिए थे। लेकिन, कानूनगो लोकेंद्र कुमार राठी लगातार नपाई के लिए टाल-मटोल कर रहा था। जबकि कानूनगो को तीन बार नपाई का नोटिस भी जारी किया गया था। मगर, नपाई की एवज में कानूनगो लोकेंद्र 20 हजार की रिश्वत मांग रहा था।




आखिरकार परेशान होकर कैलाश चंद और उनके रिश्तेदार राकेश कुमार ने कुछ दिन पहले पूरे प्रकरण की शिकायत एंटी करप्शन डिपार्टमेंट में की। बुधवार को कानूनगो लोकेंद्र ने कैलाश चंद को 20 हजार लेकर गॉडविन कालोनी स्थित अपने घर पर बुलाया था। कैलाश चंद और उनके रिश्तेदार राकेश 20 हजार की रकम लेकर कानूनगो के घर पर पहुंचे। जैसे ही कैलाश चंद ने कानूनगो के हाथ में नोटों की गड्डी दी, तभी पहले से बाहर मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने कानूनगो लोकेंद्र को रंगे हाथ धर लिया। आरोपी को टीपी नगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जहां कैलाश चंद ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उधर कानूनगो की गिरफ्तारी के बाद सदर तहसील में हड़कंप मचा है।

## रोडवेज के सेवानिवृत्त बाबू की हत्या, ब्याज पर दे रखे थे रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गंगानगर क्षेत्र निवासी रोडवेज विभाग से सेवानिवृत बाबू 67 वर्षीय मूलचंद त्यागी की घर से ले जाकर रजवाहे के किनारे रात में हत्या कर दी गई। सुबह के समय घटना की जानकारी हुई। पुलिस के मुताबिक, उधर दिए ढाई लाख रुपए वापस मांगने पर हत्या की गई है।

गंगानगर एफ ब्लॉक 110 निवासी 67 वर्षीय मूलचंद त्यागी यूपी रोडवेज विभाग से बाबू के पद से करीब 5 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए। वह घर के बाहर छोटी सी दुकान करते थे। उन्होंने करीब 8 से 10 लाख रुपए ब्याज पर दिए हुए थे। कसेरु बक्सर निवासी आजाद जाटव, जो कि सेल्समैन है, उसको और उसके दोस्त को करीब ढाई लाख रुपए उधार दिए हुए थे। मूलचंद त्यागी अब अपने रुपए वापस मांग रहे थे। पत्नी अनीता, बेटे अतुल के मुताबिक, मंगलवार शाम 6.30 बजे आजाद बाइक से आया। उसने कहा कि जिस दोस्त को पैसे दिए थे ,वो हिसाब में गड़बड़ी बता रहा है। आजाद ने फाइल में से हिसाब का स्टाम्प पेपर, लिखित पेपर निकाल लिए। वह पेपर और मूलचंद को बात कराने को कहकर बाइक पर बैठाकर ले गया। रात 8 बजे तक फोन पर अंतिम बार बात हुई। रात 11 बजे तक वापस न आने पर डायल - 112 को सूचना दी गई। पुलिस ने तलाश करने की बात कही, लेकिन कोई मालूम नहीं हो सका। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे पुलिस ने परिजनों को हत्या की जानकारी दी, बताया कि आरोपियों ने एनएच -34 पर सिखेड़ा रजवाहे पर ले जाकर हत्या की है।

## जानी क्षेत्र में शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेकिन शव कि पहचान न हो सकी। सूत्रों के अनुसार जानी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला तभी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दे मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक ने जांच पड़ताल की लेकिन उसका कोई पता न चला वहीं पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से उसका अंतिम संस्कार कर दिया। शव मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। लोगों में शव की पहचान को लेकर काफी देर तक चर्चा बनी रही। वहीं पुलिस ने भी घटना को गंभीरता से लिया है।

## रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ 12वीं के छात्र का शव, दोस्तों पर हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टीपी नगर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की शाम बरामद हुए किशोर के शव की शिनाख्त परिवार के लोगों ने 12वीं के छात्र के रूप में की है। परिजनों ने किशोर की एक दोस्त और उसके भाई पर अगवा करके अपने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दरअसल, मंगलवार की शाम टीपी नगर पुलिस को मलियाना रेलवे ट्रैक पर किशोर की लहूलुहान डेड बॉडी बरामद हुई थी। शव के पास ही एक टूटा हुआ मोबाइल भी मिला था। देर रात थाने पहुंचे विकास नगर शिवपुरम निवासी परिजनों ने बताया कि उनका बेटा नितिन कक्षा 12 का छात्र है। परिजनों ने बताया कि नितिन का दोस्त शानू मंगलवार की सुबह करीब 11:30 बजे नितिन को घर से बुलाकर ले गया था। जिसके बाद से नितिन का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस के कहने पर मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने रेलवे ट्रैक पर बरामद हुए किशोर के शव की शिनाख्त नितिन के रूप में की। बेटे का शव देखते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बुधवार की सुबह थाने पहुंचे नितिन के चाचा भीम सिंह और परिवार के लोगों ने पुलिस के सामने नितिन की हत्या का आरोप लगाया। थाने में तहरीर देते हुए भीम सिंह ने बताया कि परतापुर के काशी गांव की रहने वाली एक किशोरी और उसके भाई से नितिन की दोस्ती थी। परिवार के लोगों ने किशोरी और उसके भाई पर नितिन को अगवा करके उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया। परिजनों ने किशोरी और उसके भाई को नामजद करते हुए हत्या की तहरीर दी है। इंस्पेक्टर टीपी नगर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री यशवीर सिंह ने किसानों की समस्याओं के विषय में कैबिनेट मंत्री से की वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ के चेयरमैन दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिलों के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी से विधानसभा सचिवालय स्थित कार्यालय में मेरठ क्षेत्र के गन्ना किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर भेंट की। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी से गन्ना किसानों सहित किसानों की अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में भेंट हुई थी, मंत्री जी ने फोन पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को किसानों को आ रही समस्याओं का त्वरित निदान करने के निर्देश दिए। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों को समृद्धशाली बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है, किसानों का गन्ने का समय से भुगतान होता है, जिसके परिणाम स्वरूप प्रत्येक चीनी मिलों की माहवार भुगतान योजनाओं की समीक्षा की जाती है, जिससे किसानों को दिक्कत न हो।

### मेरठ चैंपियंस ने जीता 14 वां आल इण्डिया अरुण मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर स्कूल के मैदान पर चल रहे 14वें अरुण सिंह अन्ना मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मेरठ चैंपियन ने फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। जीटीबी स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 226 रन बनाए। रिहान ने 47 रन, शौर्य ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में सिदार्थ से 4 विकेट, हर्ष ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ चैंपियंस की टीम ने 19 ओवर के 8 विकटों पर 227 रन बनाकर मैच जीत लिया। सिदार्थ के 64 रन, सत्यम ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में कार्तिक ने 4 आदित्य ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ रहे। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेंद्र और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्यापारी नेता रजनीश कौशल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्रिकेट कोच अतहर अली ने सभी का धन्यवाद जताय।

### श्रीमद् भागवत गीता मानव जीवन का सार: संत स्वामी अनंतानंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महामाना मालवीय मिशन मेरठ शाखा के तत्वावधान में बड़ा मंगल का आयोजन किया गया। पीएनबी बिल्डिंग की चौथी मंजिल में आयोजित श्रीमद् भागवत गीता पर व्याख्यान सुप्रसिद्ध संत स्वामी अनंतानंद महाराज आश्रम बिजोली द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना एवं कुलगीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में मुनीश कुमार अध्यक्ष महामाना मालवीय मिशन मेरठ द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मेरठ शाखा के अध्यक्ष ई. मुनीश कुमार के द्वारा कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में कर्म योग को अत्याधिक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पंडित महामना मालवीय सच्चे अर्थ में कर्म योगी थे। मेरठ शाखा लगभग 150 आजीवन सदस्य जुड़े हुए है। मिशन के प्रयासों से सफलता मिल रही है।

## जहर खुरानी गिरोह का आतंक, तीन पशुओं की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र में इस समय जहर खुरानी गिरोह का आतंक फैला हुआ है तीन दिन में एक ही मालिक के चार पशुओं को जहर देकर मार दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खरदौनी में पशुओं को जहर देकर मारने का मामला सामने आया है। ग्राम खरदौनी निवासी फुरकान ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वो भैंसों का दूध निकालने के लिए उठा तो देखा डेरी में तीन भैंसें मरी हुई है। जिसे देखते ही उसके होश उड़ गए। तभी फुरकान ने आसपास सो रहे लोगों को जगाया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। साथ ही लावड़ चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं पीड़ित ने बताया कि बीती सोमवार की रात भी उसकी एक भैंस को जहर देकर मारा गया था लेकिन उसके उस समय उसे लगा कि किसी जहरीले कीड़े के काटने से उसकी मौत हुई है। लेकिन बुधवार को फिर तीन भैंस मृत पड़ी हुई मिली। वहीं लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने पशुओं के चिकित्सक को फोन कर जानकारी दी जिस पर डाक्टर ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए बताया कि पशुओं को जहरीला पदार्थ उनके चारे में मिलाकर खिलाया गया है।

जिस कारण उनकी मृत्यु हुई है। इंचौली थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना का कहना है कि मृत पशुओं का सैंपल लेकर पीएम कराया गया है। पशुओं को जहर देने वाले लोगों की तलाश की जा रही है वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए जा रहे हैं पशुओं के मालिक की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

### रुपये उधार लेकर खरीदी थी भैंसे

पीड़ित फुरकान के पड़ोसियों ने जानकारी देते हुए बताया कि वो बेहद गरीब है और गांव में ही दूध का काम करने वाले एक युवक से रुपए उधार लिए थे जिसके बाद किराए के घेर में चार भैंसे पाल रहा था लेकिन तीन दिन में ही उसकी चारों भैंसों को जहर देकर मार दिया गया। जिससे लगभग चार लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। वहीं उसके ऊपर कर्ज का बोझ भी बढ़ गया।

## वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में तीन किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। ये गोष्ठियां राजपुरा विकास खंड के जिठौली, भगवानपुर चट्टावन और मुरलीपुर गांवों में संपन्न हुईं।

इन गोष्ठियों में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आईसीएआर आईएआरआई नई दिल्ली के वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. एस. चक्रवर्ती, डॉ. वेदाकृष्णन, डॉ. सवीना इस्लाम और डॉ. संदीप पंवार ने फसलों के कीट प्रबंधन, पोषण व्यवस्था, सब्जी उत्पादन और मोटे अनाज की खेती पर चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र केवीके के डॉ. नवीन चंद्र ने धान की फसल में रोग और कीट नियंत्रण कि जानकारी देते हुए उसके उपाय बताए। फसल प्रणाली अनुसंधान संस्थान के डॉ. ललित कुमार ने किसानों को धान, उर्द, मूंग और गन्ने की नई किस्मों और उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने गन्ने के साथ सब्जियों की अंतर्वर्ती फसल (इंटरक्रॉपिंग) के लाभों पर भी प्रकाश डाला, जिससे किसान बहुफसली प्रणाली अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, डॉ. निर्मल कुमार ने कृषि वानिकी और सूक्ष्म सिंचाई से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने गन्ने में रोग प्रबंधन और बागवानी फसलों में नेमाटोड नियंत्रण के उपायों पर भी चर्चा की। किसानों ने इन गोष्ठियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## महिलाकर्मी पर लगाया धार्मिक भेदभाव का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को संस्कार भारती संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रजीत कथूरिया जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह से मिले और उन्होंने सब रजिस्ट्रार प्रथम में कार्यरत महिला कर्मचारी अदीबा खातून पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी कार्यशैली और संपत्ति की जांच की मांग की है। इंद्रजीत कथूरिया के अनुसार महिला कर्मी अदीबा खातून अपने पति की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे के तहत काम कर रही हैं। इंद्रजीत का आरोप है कि महिला अदीबा खातून 100 रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक की अवैध रसीद काट रही है। जिसके कारण महिला ले करोड़ों की संपत्ति बना ली है। इंद्रजीत की माने तो अदीबा खातून हिंदू समाज के लोगों के साथ अमर्यादित आचरण करती है और उनसे रिश्वत खोरी ज्यादा करती है जिसमें सब रजिस्ट्रार अंजलि का सपोट बना रहता है। डीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## गोकशी में वांटेड चल रहा युसूफ एनकाउंटर में घायल, तीन साथी हुए फरार

**31 मई को हुई घटना में फरार था आरोपी, फिर बना रहे थे गोकशी की योजना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र में बीती 31 मई को हुई गोकशी की घटना में वांटेड चल रहे शातिर गोकश युसूफ और उसके साथियों की देर रात पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से युसूफ घायल हुआ। जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश के पास से तमंचा-कारतूस और गोकशी के औजार बरामद हुए हैं।

**बाकी आरोपियों की तलाश में जुट गई है पुलिस**

एसपी सिटी राकेश ने बताया कि बीती 31 मई की रात को गोकुलधाम कालोनी के पास अज्ञात बदमाशों ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस छानबीन में इस घटना में लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर के रहने वाले युसूफ का नाम सामने आया था। इसके बाद से पुलिस युसूफ और उसके साथियों की तलाश में जुटी थी। देर रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भावनपुर पुलिस और स्वाट टीम ने दतावली मेघपुर मार्ग स्थित एक खेत में गोकशी की योजना बना रहे बदमाशों की घेराबंदी कर ली। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में श्याम नगर निवासी युसूफ पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश के पास से तमंचा कारतूस, गोकशी के औजार और पशुओं को बेहोश करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले इंजेक्शन व सीरींज बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर सड़क पर घूमते निराश्रित गोवंश को बेहोश कर देते थे। इसके बाद किसी सुनसान जगह पर गोकशी करके मांस को मार्केट में बेच देते थे। एसपी देहात ने बताया कि घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि उसके फरार हुए तीन साथियों की तलाश की जा रही है।

### क्या सिपाही को गिरफ्तार करेगी पुलिस?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गत दिवस एक सिपाही ने अपने साथियों के साथ मिलकर विवाद होने के बाद अपनी महिला किरायेदार को छत से उठाकर फेंक दिया। जिससे महिला की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट है। मिली जानकारी के अनुसार सिपाही व उसके साथियों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा तो जरूर दर्ज हो गया है लेकिन क्या सिपाही सींखचों के पीछे जा पाएगा इसमें संदेह बना हुआ है। अक्सर देखा गया है कि गंभीर मामलो में भी स्टाफ को गिरफ्तारी की जगह स्टे का मौका दिया जाता है।

## जेपी रेजीडेंसी पर प्लाट-मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप

■ पैसे लेकर रजिस्ट्री न कराने को लेकर हुआ हंगामा

■ जनता ने की अपील जेपी रेजीडेंसी में न खरीदे जमीन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेपी ग्रुप द्वारा मवाना रोड पर विकसित की जा रही जेपी रेजिडेंसी कालोनी में खरीदारों के साथ फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए बुधवार को किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने कालोनी पर हंगामा कर दिया। किसानों ने कालोनी के गेट पर ताला जड़ते हुए मामले का हल न निकलने तक वहीं डटे रहने का ऐलान कर दिया। काफी देर चले हंगामे के बाद बैकफुट पर आते हुए बिल्डर ने पीड़ित खरीदार को जमीन की एवज में ली गई 28 लाख की रकम वापस की। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। हाथरस के रहने वाले रवि मिश्रा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 में जेपी रेजिडेंसी कालोनी में 128 वर्ग मीटर का प्लाट 17000 रुपए प्रति गज के दर से खरीदा था। रवि के मुताबिक प्लाट की पूरी रकम अदा कर दी गई थी। बिल्डर ने तीन-चार महीने में प्लाट की रजिस्ट्री रवि के नाम करने का वादा किया था। आरोप है कि पिछले कई महीनों से बिल्डर और उसके कर्मचारी रजिस्ट्री कराने के नाम पर टालमटोल कर रहे थे। वहीं, प्लाट की रजिस्ट्री की बात आई तो बिल्डर जमीन के असली मालिक के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्री कराने की बात पर अड़ गया। रवि मिश्रा द्वारा मामले की जानकारी किसान संगठन से जुड़े अभिषेक महल को दी गई। इसके बाद बुधवार को दर्जनों किसानों ने कालोनी के गेट पर तालाबंदी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि बिल्डर द्वारा फर्जी तरीके से जमीन बेचकर भोले-भाले लोगों को लूटा जा रहा है। रवि जैसे न जाने कितने ही लोग बिल्डर की ठगी का शिकार हुए हैं। किसानों ने रवि के पैसे वापस न मिलने तक वहीं डटे रहने का ऐलान कर दिया। काफी देर चले हंगामे के बाद आखिरकार बिल्डर को बैक फुट पर आना पड़ा। बिल्डर ने रवि को 28 लाख का चेक सौंपते हुए उनकी रकम वापस कर दी।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं ने की शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बकरा ईद के विषय में हुई पुलिस और जिम्मेदार नेताओं व समाजसेवी, तथा पार्षद और संस्थाओं के अध्यक्षो की शांति समिति की बैठक पिलौखड़ी चौकी पर संपन्न हुई। मीटिंग में त्रिलोकपुरी चौकी इंचार्ज मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखना व गंदगी न फैलाने के सड़कों पर नमाज न पढ़ने के कुर्बानी के जानवरों की वीडियो बनाकर वायरल न करने को लेकर जो अपील की थी वह मीटिंग समस्त लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुई। जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मास्टर अजीज ठेकेदार नौशाद, समीर, रिजवान आदि रहे।



# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

## गांव सैफपुर-फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना, दूसरा युवक भी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर के मुख्य मार्ग पर दो बाइक सवार की अनियंत्रित हो जाने के कारण भिड़ंत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति बाइक से सड़क की ओर जा गिरा लेकिन पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉले के नीचे जा गिरा। जिसमें एक व्यक्ति उसमें कुचल गया तथा मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है तथा घायल को डॉक्टरी के लिए मेरठ प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखकर जाने तक पीड़ित ने थाने पर तहरीर नहीं दी थी। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम सैफपुर-फिरोजपुर निवासी बिट्टू पुत्र बाबू उम्र 33 वर्ष अपनी बाइक पर सवार होकर रामराज जा रहा था। जैसे ही बापू हेमराज मंदिर के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही। बाइक पर सवार रामराज निवासी प्रियांशु पुत्र राजेंद्र उम्र 30 वर्ष की आपस में बाइक भिड़ंत हो गई। बाइक भिड़ंत में बिट्टू सड़क की ओर गिर गया लेकिन मेरठ की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉले ने कुचल दिया। जिसकी बिट्टू की मौके पर ही मौत हो गई तथा प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी जब आसपास के ग्रामीणों को लगी तो तुरंत उसकी और दौड़ लिये और घटना की जानकारी पहुंची पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेरठ भिजवाया तथा मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी वाहनों को कब्जे में ले लिये गये है। पीड़ित की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो।

## पटेल मंडप में लोकगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप मे लखनऊ निवासी अंजलि खन्ना द्वारा लोकगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंजलि खन्ना ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम गणेश वंदना की गयी जिसमें 'घर में पधारो गजा नंद' इसके उपरांत देवी गीत 'कैसा जदवा डाला रे अरे मैया' सोहर 'अरे मिथला मगन मैया को, राम भजन 'चित्रकूट के घाट घाट पर सबरी देखे मेरे राम' गीत 'लहंगा मेरा बूटेदार पहन के नाचु' आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान भाजपा नेता आलोक सिसोदिया, मेला समिति सदस्यगण संजय जैन, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, अनुपम रस्तोगी, नासिर सैफी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी से कई दलालों के चूल्हे हुए ठंडे

- जुआ व सट्टा माफिया प्रधान की गिरफ्तारी के बाद उसके दलालों में मची हुई है खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाल ही में मेरठ जिले के एक गांव निवासी ग्राम प्रधान का नाम सुर्खियों में बना हुआ है। बीते दिनों दौराला थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से जुए व सट्टे का कारोबार किया जा रहा था जिसमें दौराला थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौड़ को निलंबित किया गया था। इस प्रकरण ने जिले में खलबली मचा दी थी। अभी भी इस बात की चर्चा लोगों में चल ही रही थी। ग्राम प्रधान ने फिर से अपने ही गांव में जुए का कारोबार शुरू करा दिया था जिसमें जुए के रुपयों को लेकर लगभग दो सप्ताह पूर्व गांव में ही दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट पथराव व फायरिंग हुई थी जिसमें दोनों पक्षों के अलावा भी कुछ लोग घायल हुए थे जिससे गांव के साथ-साथ क्षेत्र में भी दहशत का माहौल बन गया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। साथ ही पुलिस ने भी अपनी ओर से मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें फायरिंग के मुख्य आरोपी जुआ माफिया प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं प्रधान के जेल जाने के बाद क्षेत्र के कुछ लोग ऐसे भी है जो प्रधान के लिए खुल्लम खुल्ला दलाली कर रहे थे और वह भी लोगों पर रोब गालिब करते थे लेकिन उसके जेल जाने के बाद उनके चेहरे लटके हुए हैं और उनके चूल्हे पूरी तरह से ठंडे पड़ चुके है। वहीं कुछ लोगों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्र के कुछ ऐसे भी कथित मीडियाकर्मी हैं जो प्रधान के द्वारा चलाए जा रहे जुए के एवज में हर महीने रुपए लेते थे। इसी कारण वह क्षेत्र के होने के बाद भी प्रधान के अवैध जुए के खिलाफ कभी नहीं बोल पाते थे और हमेशा उसका बचाव कर सुर्खियों में लाते थे।

# खरकाली गांधी घाट पर लगने वाले गंगा दशहरा मेले की तैयारी पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेले में खरकाली गांधी घाट दशहरा पर श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसकी पुलिस व प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। महिलाओं के लिए कपड़े बदलने की अलग व्यवस्था रहेगी। वहीं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। खरकाली गांधी घाट पर हर पूर्णिमा अमावस्या सहित कार्तिक पूर्णिमा व ज्येष्ठ दशहरे पर हजारों श्रद्धालु स्नान कर धर्म लाभ उठाते हैं। ज्येष्ठ दशहरा गुरुवार 5 जून को है इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी की है गंगा में अधिक जल होने के कारण श्रद्धालुओं के लिए गंगा में बैरिकेडिंग लगाए गए हैं जिससे कोई अधिक पानी में ने पहुंच सके और कोई अनहोनी ना हो। बुधवार को गंगा घाट का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं को कपड़े बदलने के लिए दो टेंट लगाए गए हैं जिनकी तरफ पुरुषों को जाने की अनुमति नहीं होगी वहीं मेले की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात रहेगा तथा महिला पुलिस भी तैनात रहेगी वहीं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। एसडीएम मवाना दीपक माथुर ने कहा कि प्रशासन की तरफ से पूरी तैयारी की गई है मौके पर गोताखोर भी रहेंगे जिससे कोई अनहोनी ना हो सके। बीडीओ राजेंद्र सिंह व एडीओ पंचायत रामनरेश ने कहा कि गंगा घाट पर साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रहेगी पीने के पानी की व्यवस्था व श्रद्धालुओं को बैठने के लिए टेंट लगाए जाएंगे। वहीं मंगलवार को एसपी देहात राकेश कुमार ने भी गंगा स्नान स्थल का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए थे। इस मौके पर मेला प्रभारी आसिफाबाद चौकी इंचार्ज रजनीकांत, ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह, प्रधान संजीव धामा, सचिव सचिन कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# कंकरखेड़ा के अवैध जेपी प्लाजा पर मेडा की नजर हुई टेढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ जनपद के हर उस हिस्से में मेरठ विकास प्राधिकरण कार्रवाई करने को लेकर तैयार है जहां पर अवैध निर्माण हो रहा है। मेरठ विकास प्राधिकरण अपने एरिया में आने वाले हर अवैध निर्माण को लेकर अब सख्ती दिखा रहा है।

जोन सी के अवर अभियंता राकेश राणा ने बताया कि मेरठ विकास प्राधिकरण के उच्चाधिकारी अब अवैध कॉम्प्लेक्स जेपी प्लाला पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने का मन बना चुके हैं और प्राधिकरण के उच्च अधिकारी इस अवैध कॉम्प्लैक्स पर कार्रवाई करने के लिए एसएसपी से फोर्स मांग रहे हैं, जिससे वहां कोई शांति भंग न हो सके। उन्होंने बताया कि फोर्स मिलते ही इस अवैध कॉम्प्लैक्स पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि दबंग बिल्डर मनीष यादव पुत्र जयपाल यादव ने जब यह कॉम्प्लैक्स बनाने शुरू किया था तो आगे के कुछ हिस्से का मानचित्र आवासीय में स्वीकृत कराया था, लेकिन उसमें भी कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स तैयार कर दिया है। यह सारा खेल विकास प्राधिकरण की मिलीभगत से दीवार की आड़ में खेला गया है।




आपको बता दें कि प्राधिकरण के अधिक. ारियों की मिलीभगत से जोन-सी में बागपत रोड पर स्थित मलियाना पुल के पास एक अवैध जेपी प्लाजा कॉम्प्लेक्स बनाया गया था। इस अवैध कॉम्प्लेक्स की खबर अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी जिसके बाद मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा ने क्षेत्रीय जोनल अधिकारी निकेता सिंह को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। अवर अभियंता राकेश राणा ने बताया कि इस अवैध कॉम्प्लैक्स जेपी प्लाजा पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पर ऐसी कार्रवाई होगी जो शहर में भूमाफियों के अंदर नजीर बन जाएगी। मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस अवैध कॉम्प्लैक्स पर कानूनी कार्रवाई करते हुए इसका चालान भी काटा था और सील की भी कार्रवाई की थी।

''जोन सी में बागपत रोड पर मलियाना पुल के पास बने अवैध जेपी प्लाजा कॉम्प्लैक्स के ध्वस्तीकरण के लिए प्राधिकरण के उच्चधिकारी एसएसपी से फोर्स मांग रहे हैं, फोर्स मिलते ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।''

**-राकेश राणा, अवर अभियंता, मेरठ विकास प्राधिकरण**

# पत्रकार ने बर्थडे पर काटा केक तो हो गई एफआईआर

- अधिकारियों को नहीं भाया मीडियाकर्मियों का एक होना
- एफआईआर से पत्रकारों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाउस में साथी पत्रकारों के साथ केक काटने के मामले में जिला प्रशासन ने एक नामजद पत्रकार और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। तेज हवा से बचने के लिए सर्किट हाउस के डाइनिंग हॉल में केक काटने वाले पत्रकारों को केक खाने की कीमत चुकानी पड़ी है।

बीती 29 मई को एक इलेक्ट्रॉनिक चैनल के पत्रकार शाहरूख सैफी के बर्थडे को लेकर 10 मिनट के लिए इकट्ठा हुए पत्रकारों को मेरठ के सर्किट हाउस में केक काटना भारी पड़ गया है। यहां पर केक काटने की वीडियो वाइरल होने के बाद जिलाधिकारी ने पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। वहीं सर्किट हाउस के केयर टेकर से एक तहरीर दिलाई गई है जिसमे पत्रकारों द्वारा धमकाने के आरोप लगाए गए है। पत्रकार शाहरुख के जन्मदिवस के अवसर पर मेरठ के कुछ पत्रकार आपस में इकट्ठा हुए और वह केक काटने के लिए सर्किट हाउस प्रांगण में पहुंच गए। जैसे ही उन्होंने केक और पेस्टी जमीन पर रखी तो तेज हवा चलने के करण अन्य सामान उड़ने लगा जिसको देखते हुए वहां के केयरटेकर सुरेश से पत्रकारों ने मौखिक अनुमति ली और डाइनिंग हॉल में केक काटा। लगभग 20 मिनट के इस कार्यक्रम में कई लोग शामिल हुए। इस दौरान सर्किट हाउस के किसी भी प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं हुआ। वहीं कुछ साथियों ने सोशल मीडिया पर खुशी के यह पल वीडियो के रूप में डाल दिए। इसके बाद कुछ लोगों ने इसकी शिकायत यूपी के मुख्यमंत्री से की गई और मामले की जांच के लिए कहा गया। डीएम के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी की तरफ से पत्रकार शाहरुख सहित लगभग पांच अन्य पत्रकारों के खिलाफ केस दर्ज कराया। धमकी दिए जाने का भी जिक्र किया गया है। इस दौरान जो लोग सर्किट हाउस में शामिल थे उसमें भारत समाचार से कैमरामैन, न्यूज नेशन के पत्रकार, कैमरामैन, प्राइम न्यूज के पत्रकार, कैमरामैन, हिंदी खबर के पत्रकार कैमरामैन, एबीपी न्यूज के कैमरामैन और कई अखबारों के फोटोग्राफर शामिल थे।

अब सवाल उठता है कि मीडिया जो कमिश्नरी चौराहे पर और डीएम ऑफिस पर खड़ा होकर हर वक्त सरकारी भोपू की तरह काम करता है अगर उनमें से कुछ पत्रकारों ने सर्किट हाउस में केक काट लिया तो कौन सी आफत आ गई। आए दिन अफसर अपनी फैमिली को लेकर सर्किट हाउस पहुंच जाते हैं और ठंडी घास का आनंद लेते हैं तब किसी को कोई परेशानी नहीं होती। अनगिनत अधिकारी गैर कानूनी तरीके से वहां पर रहते हैं, घंटों गुजारते हैं तब किसी को कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन जो लोग सरकार की हर वक्त तारीफ करने में लगे रहते हैं अगर उन्होंने 20 मिनट का वक्त सर्किट हाउस में गुजार लिया तो उन्हें एफआईआर का तोहफा दें दिया गया। मेरठ के अधिकारियों के इस रवैये से पत्रकारों में रोष उत्पन्न हो गया है। पत्रकारों ने कहा कि जिलाधिकारी सहित अन्य लोगों का यह कार्य बेहद निंदनीय है और जिस पत्रकार साथी ने भी पत्रकारों के खिलाफ यह वीडियो वायरल की है वह भी पत्रकार कहलाने लायक नहीं है।

# ईओ ने सरकारी नाली को कराया कब्जामुक्त

- कॉलोनाइजर द्वारा सरकारी नाली पर किया गया था कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा सरकारी नाली पर कब्जा कर उसे कॉलोनी में मिला लिया गया था जिसकी बार-बार शिकायत होने पर अधिशासी अधिक. ारी मनोज कुमार शर्मा बुधवार को लेखपाल व टीम के साथ जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अवैध कॉलोनी पर पहुंच गए और कॉलोनी के बीचों-बीच सरकारी नाली को जेसीबी मशीन द्वारा खुदवाकर कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान कॉलोनाइजर द्वारा हल्का विरोध भी किया गया लेकिन अधिशासी अधिकारी ने उच्च अधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए नाली को कब्जा मुक्त कराया और फिर से कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



**इन्होंने कहा...**

''सरकारी नाली पर कब्जा होने की शिकायत मिली थी जिस पर कॉलोनाइजर को एक दिन पहले ही चेतावनी दे दी गई थी। बुधवार को मौके पर पहुंच कर सरकारी नाली को कब्जा मुक्त कराया गया है।''

**-मनोज कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लावड़**

### कॉलोनाइजर ने बैनामे से अधिक जमीन पर किया कब्जा

मीठापुर मार्ग पर काटी जा रही है अवैध कॉलोनी के बारे में पड़ोसी किसानों का कहना है कि जितनी भूमि का कॉलोनाइजर ने बैनामा कराया है उससे कहीं ज्यादा भूमि पर उन्होंने कब्जा किया हुआ है। किसानों ने बताया कि बढ़ी हुई जमीन या तो सरकारी है या फिर पड़ोसी किसानों की है। उन्होंने बताया कि अगर खेतों में बैनामे से अधिक भूमि होती है तो वह सरकारी ही कहलाती है। उन्होंने बताया कि आज सरकारी नाली को कब्जा मुक्त कराया गया है। हो सकता है कि कुछ दिन बाद फिर से इस नाली को कालोनाइजर द्वारा खत्म कर दिया जाए।

# बस में छूटा पर्स वापस मिलने पर रोडवेज अधिकारी को दिया धन्यवाद

- रोडवेज कर्मियों ने सहायक कार्यालय ममता वर्मा की ईमानदारी को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भैसाली डिपो की अनुबंधित वाहन सं. 7786 में मंगलवार को यात्रा कर रहे चाँद खान दिल्ली का पर्स बस में छूट गया था। उनके बराबर में बैठी ममता वर्मा कार्यालय सहायक ममता वर्मा ने जब वह पर्स देखा तो उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप नायक को तुरंत बताया, पर्स को खोलकर देखा गया तो उसमें 26500 रु., यात्री का आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, फोटो, ड्राइविंग लाइसेंस था परंतु यात्री का मोबाइल नंबर पर्स में नहीं मिला तो क्षेत्रीय प्रबंधक ने ड्राइविंग लाइसेंस नंबर के आधार पर संभागीय परिवहन अधिक. ारी से वार्ता कर कर यात्री का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने उपलब्ध यात्री के मोबाइल पर वार्ता कर बताया कि उसका पर्स जो बस में छूट गया था वह सुरक्षित है और रोडवेज कार्यालय में आकर उसे ले। क्षेत्रीय प्रबंधक के इस अथक प्रयास के द्वारा यात्री को उनका पर्स वापस किया गया। यात्री चांद खान द्वारा परिवहन विभाग का बहुत आभार व्यक्त किया गया। मेरठ डिपो प्रभारी देवेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि बस के स्टाफ और ममता वर्मा को उनके इस ईमानदारी भरे कार्य के लिए बहुत बहुत शुभकामना दी गई। देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि ईमानदारी किसी भी व्यक्ति के चरित्र का सबसे महत्वपूर्ण गुण होता है। यह न केवल समाज में सम्मान और विश्वास अर्जित करने में मदद करता है, बल्कि व्यक्ति के आंतरिक शांति और सुखद जीवन का भी आधार बनता है। ईमानदारी का मूल्य हर युग और हर परिस्थिति में अपरिवर्तित रहता है। एक ईमानदार व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बनता है और दूसरों को भी सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। ईमानदारी केवल सच बोलना ही नहीं, बल्कि अपने विचारों, कर्मों और व्यवहार में भी सच्चाई को अपनाना होता है। जो लोग जीवन में ईमानदारी को अपनाते हैं, वे हमेशा आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं और जीवन के हर संघर्ष को सच्चाई और दृढ़ निश्चय से पार कर लेते हैं।

## सीएमओ ने किया परीक्षितगढ़ सीएचसी का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की सीएचसी पर सीएमओ डॉक्टर अशोक कटारिया ने औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया अचानक सीएचसी पर पहुंच गए तो वहां अफरा तफरी मच गई। सीएमओ ने इमरजेंसी लेबर रूम स्टोर रूम कोल्ड चैन आदि का निरीक्षण किया तथा परिसर में गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की। सीएमओ ने समस्त कर्मचारियों से कोरोना के प्रति सजग रहने की बात कही और समय पर टीकाकरण करने की बात कही सीएमओ ने सभी कार्य संतोषजनक पाए जाने पर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अमर सिंह की सराहना की। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अमर सिंह अवाना सहायक शोध अधिकारी विजय सिंह, फार्मासिस्ट आशीष कुमार, डॉक्टर पूजा चौधरी, सुपरवाइजर लोकेंद्र, गंगा प्रसाद, बीपीएम इकरार अहमद सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने गन्ना फसल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला शुगर मिल के गन्ना विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मिल के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम व पद्मश्री डा. बक्शीराम ने चीनी मिल से सम्बन्धित ग्रामों में गन्ना फसल का निरीक्षण किया तथा कृषकों को फसल की देखभाल के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी दी। इस निरीक्षण दल ने चीनी मिल गेट के ग्राम दौराला, बफावत, पबरसा, पावली, नया गाँव, सरधना, कालंद, कालंदी, छुर, छबड़िया के विभिन्न प्रजातियों के पेडी-पौधा गन्ने की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में फसल की बढवार अच्छी पायी गई। कुछेक पौधा गन्ने के खेतों में फुटाव कम मिला। डा. बक्शीराम ने बताया कि इस बार मौसम में नमी व वर्षा ज्यादा होने के कारण पछेती पौधा गन्ने को फुटाव का समय व तापक्रम कम मिला है, परंतु फसल में यूरिया की मात्रा बढ़ाकर इस तरह खेतों को सही किया जा सकता है। इसके लिए तत्काल ही प्रति एकड गन्ना खेत में एक बैग यूरिया का प्रयोग करें।

मिल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव खाटियान ने बताया कि खेतों में इस बार चोटी बेधक कीडा व अन्य कीडे जैसे पायरिला, मिलीबग, ब्लैकबग आदि अत्यंत कम मात्रा में है जो कि फसल के लिए अच्छी स्थिति है फिर भी चोटी बेधक की आगे आने वाली पीढ़ी से बचाव के लिए उन्होंने नेटजेन सी.टी.पी. आर. कीटनाशी को लगाने सलाह दी और बताया कि पौधा गन्ने के खेतों में इस रसायन का प्रयोग 40 दिन की फसल अवस्था पर हो जाना चाहिये और जिन पेडी खेतों में यह न लगा हो उनमें भी इसे तत्काल प्रयोग करें। चीनी मिल की तकनीकी टीम में जेपी तोमर, डा. प्रणव राणा, अभिषेक तोमर व रोहित त्यागी सम्मिलित रहे। क्षेत्र के प्रगतिशील गन्ना किसानो ने मिल के इस नियमित कार्यक्रम की सराहना की तथा बताये गये उपायों को अपनाने की रूपरेखा बनाई।



# गोकशी के आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र के दतावली रोड़ स्थित बाग के समीप कुछ लोगों ने जंगल में घूम रहे आवारा पशुओं को निशाना बनाते हुए इंजेक्शन से बहोश कर गोकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे इसी बीच मुखबिर द्वारा गोकशी होने की आशंका जताते हुए की सूचना दी गई जिस पर पुलिस एक बाग की घेराबंदी करते हुए गोकशों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जिस पर गोकश थाना लिसाड़ी गेट निवासी यूसुफ ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा पेर मे गोली लगने से युसूफ निवासी श्याम नगर थाना लिसाड़ी गेट घायल हो गया। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी यूसुफ से की गई पूछताछ मे उसने अपने दो साथी आहद निवासी तारापुरी शोएब पुत्र शाक गली नंबर 3 श्याम नगर थाना लिसाड़ी थाना ब्रह्मपुरी के साथ एक अन्य आरोपी के फरार होने की जानकारी दी। वहीं पुलिस ने घायल को युवक को उपचार के बाद सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।



# यज्ञशाला की परिक्रमा करके मांगा सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद

- चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण कार्यक्रम में उमड़ रहे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्री राम कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

बुधवार को नौ कुंडीय यज्ञशाला में यजमानों ने आहूतियां प्रवेशित कीं। महामंडलेश्वर श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज ने रूद्राभिषेक कराया। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। सुबह से दोपहर के सत्र में ही श्रीराम कथा के पंडाल में दिल्ली से आए पंडित नवनीत मिश्रा के द्वारा सुन्दर कांड का भी आयोजन किया गया। जिसमें भगवान शंकर और मां भगवती के भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे।

सेवादल में शामिल दिल्ली के सचिव श्याम वर्मा कहते हैं कि चतुर्थ श्री शिव महायज्ञ एवं चतुर्वेद पारायण में तैयार होने वाली यज्ञशाला की परिक्रमा और उफपर चोटी पर रखे कलश और पताका के दर्शन करने से मनुष्य के कई जन्मों के पाप मिट जाते हैं।

यहां पर कार्यक्रम के संयोजक चौ-वेदपाल सिंह, सहसंयोजक सतेन्द्र सिंह भेला, देवेन्द्र सिंह, राजीव बंसल, रूप सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रदीप वर्मा, मनमोहन सैन, प्रमोद अलूना आदि रहे। वहीं सांय के 03 बजे से 07 बजे तक कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ0 रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्री राम कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।



छठे दिन की कथा के समापन के बाद सांय आठ बजे आरती की गई। दीपों की रोशनी और आरती के स्वरों से पूरा वातावरण भक्ति से गुंजित हो उठा।

श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर आरती कर रहे आचार्यों का उत्साहवर्धन किया।

# गंगा दशहरा मेले में हो सभी इंतजाम चाक-चौबंद:डीएम

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गंगा दशहरा पर्व को लेकर यमुना पक्का घाट का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में 5 जून को गंगा दशहरा पर्व का आयोजन इस बार पर्यावरण संरक्षण के विशेष संदेश के साथ किया जाएगा। प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुदृढ़ व्यवस्था देने का भरोसा दिलाया है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने यमुना के पक्का घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और मेले की तैयारियों का बारीकी से जायज़ा लिया।



निरीक्षण के दौरान दोनों अधिका. रियों ने घाट की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, नाव सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, बिजली आपूर्ति और सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि हर कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता युक्त हो, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। चूंकि 5 जून को ही विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया जाता है, इसलिए प्रशासन ने इस अवसर को जन-जागरूकता से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया है। गंगा दशहरा मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पॉलीथिन का प्रयोग न करने, घाट को स्वच्छ रखने, जल स्रोतों की रक्षा करने और वृक्षारोपण जैसे संकल्पों के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि यह पर्व केवल आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी अवसर है। जब श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण एक साथ आएंगे, तभी भविष्य सुरक्षित होगा। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। घाट परिसर में पुलिस बल, पीएसी, महिला पुलिसकर्मी, यातायात कर्मी, जल पुलिस और होमगार्ड की तैनाती की गई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे गहरे पानी में न उतरें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, प्रशासन द्वारा बनाए गए। मार्गों का ही उपयोग करें और घाट को स्वच्छ बनाए रखने में सहभागिता करें। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अविनाश त्रिपाठी तहसीलदार बागपत अभिषेक कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी बागपत केके भड़ाना सहित आदि उपस्थित रहे।

# ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार दंपति को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चमरावल मार्ग पर ईंट ढोने वाले ट्रक ने आस मोहम्मद 48वर्षीय और उसकी पत्नी संजीदा 45वर्षीय को टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, ट्रक छोड़कर भाग रहे चालक को राहग. ीरों ने पकड़कर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

सलावतपुर खेड़ी गांव निवासी सुल्तान ने बताया कि उसकी मां संजीदा के पैरों में काफी समय से दर्द हो रहा था, जिसका उपचार बागपत के चिकित्सक से कराया जा रहा है। मंगलवार शाम करीब चार बजे उसके पिता आस मोहम्मद और मां संजीदा दवाई लेने के लिए बागपत आए। दवा लेकर वापस लौटते समय चमरावल मार्ग पर अहैड़ा गांव के समीप पहुंचे तो पीछे से आए ईंट ढोने वाले ट्रक ने आस मोहम्मद की बाइक में टक्कर मार दी। दोनों नीचे गिर गए। इसके बाद ट्रक ने आस मोहम्मद और मां संजी. दा को कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक अपना ट्रक लेकर भागने लगा, तो राहगीरों ने पीछा कर ट्रक रुकवा लिया। इसके बाद चालक ने ट्रक छोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे राहगीरों ने पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि दंपती को कुचलने वाले ट्रक और उसके चालक को पकड़ लिया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सलावतपुर खेड़ी गांव के आस मोहम्मद के परिवार में नौ बेटे-बेटी हैं। माता-पिता की मौत होने से नौ बच्चों के सिर से माता-पिता का सांया उठ गया।



मृतका का फाइल फोटो

# खेत में चारा काटते समय हृदय गति रुकने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव मे खेत पर चारा काटने गये एक 55 वर्षीय किसान की हृदय गति रूकने से मौत हो गयी जिससे परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

गौना निवासी 55 वर्षीय यामीन पुत्र खचेड़ू किसान था वह बुधवार सुबह अपने खेतो पर चारा लेने गया था जहा अचानक उसके सीने मे दर्द हुआ और हृदय गति रूकने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने देखा तो भागकर उन्हें उठाया लेकिन जब तक वह दम दौड़ चुके है। परिजन उन्हें घर ले आये जहा ग्रामीणों की भीड़ इखट्ठा हो गयी। वही परिजनों का रो रो बुरा हाल है। मृतक के सात बच्चें है गांव के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।



# श्रमिकों की समस्याओं का निवारण कर उनके हितों की रक्षा को दी जाए प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को प्रशासनिक अनुशासन और प्रभावी जनसेवा सुनिश्चित करने के लिए जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने जिले के कई विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयीन कार्यों में सजीवता बनाए रखने, समयबद्ध कार्यवाही करने तथा जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सबसे पहले जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, खंड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण बागपत का दौरा कर जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को फील्ड विजिट नियमित रूप से करने और कार्यों की गुणवत्ता पर खास ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके बाद जिला. धिकारी ने कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग बागपत का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने श्रमिकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न कल्याण योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में अधिकारीगण को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता दी जाए और उनकी समस्याओं का शीघ्र निवारण हो। कार्यालय की उपस्थिति पंजिका एवं भ्रमण पंजि. का में विवरण अद्यतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिक. ारी, उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बागपत का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दस्तावेजों की व्यवस्थित देखरेख और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए। अंत में जिला. धिकारी ने अधिशासी अभियंता, नलकूप खंड (पश्चिम), बागपत का निरीक्षण कर सिंचाई योजनाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को सिंचाई सुविधाएं समय पर और प्रभावी रूप से प्रदान की जाएं। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने सभी विभागों को सामान्य निर्देश भी दिए, जिनमें कार्यालय उपस्थिति पंजिका की नियमित जांच, दस्तावेजों का सुव्यवस्थित रख-रखाव, कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय जनसंपर्क अभियान, फील्ड विजिट का नियमित होना, और जनता की समस्याओं के त्वरित निपटारे को सुनिश्चित करना शामिल है। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवा प्रदान करना है। सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बीपीएल प्रतियोगिता जीते खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन बागपत के तत्वाधान में बीपीएल प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिलीप बिहार में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों द्वारा भाग लिया गया। पहला मैच बागपत टाइगर्स और बागपत लेपर्ड के बीच खेला गया।

बीपीएल के नौवें संस्करण का विजय भव क्रिकेट अकादमी के मैदान पर आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण तोमर, परमिंदर तोमर, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वास चौधरी आयोजक सचिव रामवीर सिंह तोमर ने फीता काटकर किया। अंडर-14 आयु वर्ग में बागपत टाइगर्स और बागपत लेपर्ड के बीच पहला मुकाबला खेला गया। बागपत टाइगर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 119 रन बनाए। अर्जुन राजपूत ने 48,आदित्य रावत ने 42 रन बनाए। बागपत लेपर्ड की ओर से गेंदबाजी में विराट ने पांच विकेट झटके, अनस, फैजान ने दो-दो और अक्षांश ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागपत लेपर्ड की टीम ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शिवम कश्यप ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 51 रन बनाए, जबकि वीर खोखर ने 15, अरनव देशवाल ने 12 रनों का योगदान दिया। बागपत टाइगर्स की गेंदबाजी में अर्जुन राजपूत, हनी ने दो दो, संभव, आदित्य, वरुण ने एक-एक विकेट हासिल किया। रोमांचक मुकाबले में बागपत लेपर्ड ने दो विकेट से जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। आदित्य को सर्वश्रेष्ठ फील्डर, अर्जुन राजपूत को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, शिवम कश्यप को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और विराट खोखर को श्मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### बेंच पर बैठने को लेकर मां-बेटे के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। लूंब गांव की संतोष देवी अपने बेटे सौरभ के साथ अपनी पुत्रवधू का हाल-चाल जानने अस्पताल पहुंची थी।

सौरभ चेकअप कक्ष के बाहर बेंच पर बैठा था। वहां पहले से मौजूद दो युवकों से बेंच पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। युवक सौरभसे गाली-गलौज करने लगे। संतोष देवी ने जब बीच-बचाव की कोशिश की, तो उन युवकों ने मां-बेटे दोनों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने खुद को दिल्ली पुलिस का कर्मचारी बताते हुए धमकियां भी दीं। पीड़िता संतोष देवी ने बड़ौत कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग को कागजों में मृत दिखाकर पेंशन रोकने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** ब्लॉक के किशनपुर बराल गांव निवासी राजेंद्र शर्मा ने जिला. धिकारी कार्यालय पहुंचकर अपने जीवित होने का प्रमाण दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी ने जांच रिपोर्ट में उन्हें मृत दिखा दिया।

67 वर्षीय राजेंद्र शर्मा पिछले एक साल से वृद्धा पेंशन के लिए अधिका. रियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उनका आरोप है कि अधिका. रियों की लापरवाही से उन्हें कागजों में मृत दिखाकर पेंशन रोक दी गई। शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद अधिका. रियों ने उनसे संपर्क किया। असंतुष्ट शर्मा ने जिलाधिकारी से मिलकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार ने मामले की जांच समाज कल्याण विभाग के अधिकारी विवेक कुमार को सौंपी है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### तालाब की खुदाई को लेकर ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रसूलपुर सांकल पुट्ठी गांव के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अटल भूजल योजना के तहत हो रही तालाब खुदाई में अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की खुदाई मानकों के अनुरूप नहीं की जा रही है। कुछ लोगों ने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। इस मामले में उन्होंने 25 दिन पहले भी शिकायत की थी। ग्रामीणों ने लेखपाल पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लेखपाल तालाब की भूमि का रकबा कम करा रहा है। खुदाई में लापरवाही बरती जा रही है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर अधिकारी इस मामले में कार्रवाई नहीं करेंगे, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### विश्व जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व आजीवन संस्थापक सदस्य बने जितेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के सिरसली निवासी जितेंद्र कुमार तोमर को मिली जिम्मेदारी विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरपाल सिंह जाट व महासचिव रामकरण सिंह ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। विश्व जाट महासभा का आभार व्यक्त किया। जितेन्द्र तोमर ने कहा कि विश्व जाट महासभा के नए सदस्य बनाने का काम जल्द किया जाएगा। इस मौके पर यशवीर सिंह जगमेरसिंह राजेन्द्र सिंह अरविंद, रविन्द्र सिंह, विक्रांत तोमर नगेन्द्र तोमर योगेश तोमर पुष्पेन्द्र, राहुल, बिजेंद्र, रवि पंवार संजीव संचिन धर्मेन्द्र खोखर सुरेन्द्र धामा आदि ने हर्ष जताया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र गौरव कुमार व पुत्रवधू मंतेश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुभाष पुत्र हुक्मी निवासी ग्राम झूंडपुर थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# समस्याओं को लेकर पूर्व सांसाद से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर से भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद वरिष्ठ नेता नेता राकेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में बागपत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय मांत्री डा.सत्यपाल सिंह के आवास पर दिल्ली में जाकर मिला। इसमें उन्होंने बागपत क्षेत्र की दर्जन भर समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर समाधान कराए जाने का प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता हरि भूषण उपाध्याय रविंद्र आर्य प्रकाश जांगिड़ मुकेश जांगिड़ युवा भाजपा नेता राजगोपाल कश्यप मुकेश पवार डा.सत्यपाल सिंह का फूलों की मालाओं के साथ उनके आवास पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डा. सत्यपाल सिंह ने भाजपा नेताओं से मिलकर उन्हें आश्वासन दिलाया की समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर समाधान कराया जाएगा। डा.सत्यपाल सिंह ने कहा कि बागपत लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटे कंधे से कंधे मिलाकर चलने का काम किया जायेगा।



# दुनिया में असली संपत्ति संस्कारित संतान:देवेंद्रपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा आयोजित आवासीय संस्कार शोधक शिविर का भव्य उद्घाटन चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि देवेंद्र पाल वर्मा अध्यक्ष आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश ने ओम ध्वज फैराकर आर्य वीरो को संबोधित करते हुए कहा दुनिया में असली संपत्ति संस्कारित संतान है। बच्चों को संस्कारित करने का कार्य आर्य समाज के द्वारा किया जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी नशे जैसी सामाजिक बुराई को त्याग कर अच्छे समाज का निर्माण करें। शिविर बच्चों के लिए एक आवश्यक कार्यक्रम है। इस मौके पर ईंट भट्टा निर्माता अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए इस प्रकार के शिविरों में भेजने की आवश्यकता है। शिविर करने से बच्चों के जीवन में नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है। समाज उत्थान के कार्य के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर कार्य करना चाहिए। बच्चों के मन को शुद्ध करने का शिविर एक अच्छा माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.मनीष तोमर ने की। संचालन रवि शास्त्री ने किया। इस अवसर पर जिला सभा अध्यक्ष सुशील राणा ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा हमारे देश की संस्कृति वृद्धा आश्रम की कभी नहीं रही। हमें अपने बड़ों की सेवा घर में ही करनी चाहिए। यही संस्कार देने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभा मंत्री रवि शास्त्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों लोगों का जिला सभा अध्यक्ष सुशील राणा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र चौहान, डा.मनीष तोमर, सुशील राणा, राष्ट्र वर्धन मुनि, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, विक्रम राणा, मीरा वर्मा, हरपाल आर्य , ऋषि पाल आर्य आदि उपस्थित रहे।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषकों को दी उन्नत खेती की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. अनंत कुमार ने मृदा स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला और आम की तुड़ाई के बाद पोषक तत्व प्रबंधन करने की सलाह दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही।



गोष्ठी में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डा. नारायण भट्ट ने आम की फसल में प्रमुख कीट एवं रोग नियंत्रण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन (IPM) आवश्यक है और रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही किया जाए। उन्होंने किसानों से अंधाधुंध छिड़काव से बचने और जैविक तरीकों को अपनाने का आग्रह किया। आईएआरआई की अध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डक्क रेनू पांडे ने खनिज पोषक तत्वों की भूमिका पर जानकारी दी और महिलाओं को घरेलू उद्योगों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कर्मचारी अनिल चौधरी, संजीव कुमार, खुर्शीद, सचिन (एडीओ एग्रीकल्चर) ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बीज गोदाम खेकड़ा पर उपलब्ध धान के बीज पर दिए जा रहे अनुदान के विषय में भी जानकारी दी गई। गोष्ठी को नगर पंचायत अध्यक्ष जुनैद फरीदी ने भी संबोधित किया और किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डा.हबीब, राजा हसन, बाबर चौहान, मुजफ्फर इकबाल सहित कई किसान मौजूद रहे। किसानों ने वैज्ञानिकों से अपने सवाल पूछे और खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

# समर कैंप में बच्चों ने पानी में विभिन्न गतिविधियाँ कीं और तैरने की तकनीकों पर किए कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर मे माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल समर कैंप का आठवाँ दिन पूरी तरह कला की सतरंगी छटा में डूबा रहा। बच्चों ने आज अपनी कल्पनाओं को कागज़ और कपड़ों पर उकेर कर जो सृजन किया, वह न केवल सराहनीय रहा बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने वाला भी सिद्ध हुआ।

दिन की शुरुआत हमेशा की तरह योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और जुम्बा व्यायाम से हुई, जिसे शारी. रिक शिक्षा शिक्षिका मोनिका पांडोले ने निर्देशित किया। इसके बाद तैराकी सत्र में स्विम कोच कल्पना चौधरी के मार्गदर्शन में बच्चों ने पानी में विभिन्न गति. विधियाँ कीं और तैरने की तकनीकों पर कार्य किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्रबंधक हंसकुमार जैन, चेयरमैन बिजेंद्र कुमार जैन, समिति सदस्य अंकुर जैन, अनुज जैन, ऋषभ जैन व प्रधानाचार्य निशांत कुमार ने बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि जब बच्चों को खुले वातावरण में स्वयं को व्यक्त करने का अवसर दिया जाता है, तब उनके भीतर छिपी प्रतिभाएँ उजागर होती हैं।

# श्रमिक एसोशिएशन ने किया श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के कार्यालय पर बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन ने अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया।




प्रेस में शासनादेश जारी करने व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार भदौरिया द्वारा पिछले दिनों बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने वाले दुकानदारों के चलान काटने का असर नही दिखा। बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन बड़ौत का मार्केट गुलजार दिखाई दी। बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन स्थल निरीक्षण कर व चलान काट कर फिर श्रम प्रवर्तन अधिकारी लम्बी चादर तान कर सो गए। पिछले दो बुधवार से स्थल निरीक्षण को नहीं आए श्रम प्रवर्तन अधिकारी जिसका नतीजा व्यापारियों के हौसले फीर बुलंद फीर मार्केट को खोला। इससे श्रमिकों को नहीं मिलता साप्ताहिक अवकाश। इस दौरान कहा कि आगामी बुधवार को तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा जितेंद्र तोमर अमित तोमर नौशाद खान अंकित कुमार संकीर्ण गोपाल प्रशांत जैन नरेश वेल देवेंद्र सिंह पारस नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बागपत और हरियाणा के विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 7 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुश और विनय के रूप में हुई है। दोनों गांधी थाना कोतवाली क्षेत्र के निवासी हैं। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों अलग-अलग स्थानों पर वाहन चोरी कर रहे थे। बड़ौत सीओ विजय तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती कमला पुत्री धर्मसिंह पत्नि श्री मोहनसिंह निवासी ग्राम बौढा तहसील बडौत जिला-बागपत हाल नि.ग्राम हथछोया तहसील ऊन जिला-शामली, न्यायालय तहसीलदार बडौत(न्यायिक), वाद सं.RST/3491/2025 कम्प्यूकृित वाद सं.11080403491, साक्षी बनाम कमला आदि, अ.धा.209(ज) उ.प्र.रा.स. 2006, मौजा-बौढा, अतएव आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में उक्त वाद की कार्यवाही में दिनांक 06.06.2025 नियत है आपसे सम्बन्धित हो तो वक्त दिनांक को न्यायालय के हाजिर होकर अपना पक्ष रखे।

# गंगा दशहरा की तैयारियों का मंडलायुक्त ने लिया जायजा

## आगामी गंगा दशहरा को सकुशल संपन्न कराए जाने के मद्देनज़र आधी रात को तीर्थ नगरी पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी बृजघाट में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं। कई राज्यों से श्रद्धालु तीर्थ नगरी बृजघाट में पूजा-अर्चना और स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। इसी को लेकर आगामी गंगा दशहरा को सकुशल संपन्न कराए जाने के मद्देनज़र आधी रात को मंडलायुक्त मेरठ भानू भास्कर गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी बृजघाट पहुंचे। जहां पर उन्होंने हापुड़ डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ तीर्थ नगरी बृजघाट का पैदल भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





मेरठ मंडल आयुक्त भानु भास्कर ने बताया कि गंगा दशहरा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गंगा घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे जिससे इस पावन अवसर पर श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सके। उन्होंने बताया कि 5 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर तीर्थ नगरी बृजघाट में गंगा घाटों पर विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई हैं। बृजघाट में हर साल गंगा दशहरा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के कारण गंगा के घाट विशेष देखरेख के अंतर्गत रखे गए हैं। यहां श्रद्धालु पूजा करते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने बताया कि इन घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुरुष पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा गंगा नदी में गोताखोरों की टीम भी रखी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

# भाकियू लोकहित नें विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित अराजनैतिक नें जिला. धिकारी कार्यालय पर अपनी विभिन्न समस्याओ लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पुनिया नें बताया की ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य किसानो का भुगतान न होना है क्योंकि किसान बहुत लंबे समय से गन्ने के भुगतान के लिए परेशान है और उसमें शासन प्रशासन ने आज तक कोई भी गौर नहीं दी हैं और ना किसानों का भुगतान करने में उन्होंने अपना कोई योगदान दिखाया है। इसलिए हम यह समझते हैं कि शासन प्रशासन की भी किसान की तरु से उनकी निगाह भरी हुई है और वह किसानो का भुगतान कराने मे असमर्थ हैं या जानकर नहीं चाहते हैं किसान के



भुगतान तो अलग है 4 साल से गन्ने का कोई रेट नहीं बढ़ाया गया है जबकि किसान और किसान संगठन रोड पर अपनी आवाज बराबर उठा रहे हैं और सरकार अनदेखी कर रही है। भारतीय किसान यूनियन लोका. हत अराजनैतिक नें जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी विभिन्न समस्याओ लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा और अपनी मांगों को पूरी करने की मांग की। जिसके बाद एसडीएम ने किसानों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# कोटला के जंगल में पशुओं के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव सालेहपुर कोटला के जंगल में बुधवार की सुबह पशुओं के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सुबह के समय कामकाज के लिए खेतों पर जा रहे थे, इसी दौरान ग्रामीणों की नजर जंगल में पशु अवशेष पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हाफ़िज़पुर पुलिस टीम तुरंत ही मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने पशु अवशेषों को कब्जे में ले लिया और जाँच में जुट गई। पशु अवशेष मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का दावा है कि यह प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष हैं। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पशु अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना देहात प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि मृतका के परि. जनों द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी भाई अश्वनी पुत्र सुरेशचन्द निवासी मोहल्ला भीम नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को चौनापुरी फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरा. पी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए दो हत्यारो. पियों को आजीवन कारावास व 70-70 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए बुधवार को न्यायालय द्वारा दो हत्यारोपियों को दंडित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता नरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 को आरोपी राजू पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम सरूरपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ व गौतम पुत्र खुशीपाल निवासी ग्राम गेसूपुर थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर द्वारा रामकुमार उर्फ मोनू पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम नानपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ की गला घोंटकर व धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुक. दमा दर्ज किया गया था तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। बुधवार को आरोपियों को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम हापुड़ द्वारा आजीवन कारावास व 70-70 हजार रुपये कुल 1.40 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता नरेश चन्द्र शर्मा, विवेचक उपनिरीक्षक शीलेष कुमार एवं पैरोकार महिला कांस्टेबल रीटा व कोर्ट मोहर्रिर महिला हेड कांस्टेबल 672 अन्ज का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### दबंगों ने महिला के साथ छेड़खानी करते हुए की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपने प्लाट में निर्माण करा रही महिला और उसके पति पर लाठी डंडों से हमला करते हुए गोद में ली हुई दो माह की बच्ची को छीनकर जमीन पर फेंक दिया। एक युवक ने महिला से बदनियती के साथ छेडख़ानी भी कर डाली।

गढ़ क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि गढ़ में स्टेशन रोड पर उसने 136 वर्गगज का प्लाट खरीदा हुआ है। जिसमें बुधवार की सुबह वह निर्माण कार्य करा रही थी तो पास की इंदिरा नगर कालोनी में रहने वाले कई दबंग लोग वहां आ गए। जिन्होंने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए उसके और पति के साथ लाठी डंडों से हमला कर दिया। महिला का कहना है कि हमलावरों ने उसकी गोद से छीनकर दो साल की मासूम बच्ची को बड़ी बेरहमी के साथ जमीन पर फेंक दिया। महिला का यह भी आरोप है कि हमलावरों में शामिल एक युवक ने उसके साथ बदनियती से छेडख़ानी भी कर डाली। भविष्य में प्लाट पर निर्माण कराने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध चाकू रखने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को न्यायालय ने अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में एक दोषी को सज़ा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी को अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2020 में आरोपी सनी द्वारा अवैध रूप से चाकू रखने के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायलय द्वारा अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में सनी पुत्र बलवीर सिंह निवासी मौहम्मदपुर रुस्तमपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 3 माह 13 दिवस व 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### जनपद पहुंचे सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ हापुड़ पहुंचे जहां सनातन हिंदू वाहिनी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी सरकार में देश का विकास हो रहा है। देश लगातार तरक्की कर रहा है। देश में विकास की गंगा बह रही है। आज उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के नाम से जाना जाता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों को और उनके घर में घुसकर मारा है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च किया कार्यकर्ता ने भारत माता की जय जय श्री राम के नारे लगाएं उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर मेरठ मंडल अध्यक्ष नरेंद्र राणा मेरठ जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी हापुड़ जिला अध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा सतीश राजन मंडल प्रभारी भीम सिंह बिजेंद्र सिंह आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे और जय भीम के नारे लगाए इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अपने काफिले के साथ मेरठ के लिए रवाना हो गए।



# आपात स्थिति से निपटने को लेकर कराया मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी गंगा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए गढ़मुक्तेश्वर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के बृजघाट पर राहत एवं बचाव कार्यों की मॉक ड्रिल आयोजित की गई।



इस मॉक ड्रिल में पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, तथा स्थानीय नाविकों की सक्रिय भागीदारी रही। अभ्यास के दौरान गंगा में डूबते व्यक्ति को बचाने, प्राथमिक उपचार देने और भीड़ प्रबंधन की रणनीति का परीक्षण किया गया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बल को प्रशिक्षित और तैयार रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य प्राकृतिक या मानवीय आपदा की स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। साथ ही, ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक चिकित्सा शिविरों की स्थापना की जा रही है, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की वे केवल चिन्हित घाटों पर ही स्नान करें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यालय पर लगाया पार्टी का झंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर पार्टी का झंडा लगाया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा हैं कि कांग्रेस जन पार्टी का झंडा अपने घर पर लगाए। उन्होंने कहा हैं कि कांग्रेस का झंडा हर कार्यकर्ता के लिए सम्मान और गौरव की बात हैं। इसी सम्मान और गौरव की खातिर हर कार्यकर्ता को अपने अपने घरों पर झंडा लगाना चाहिए। उन्होंने कहा हैं कि हर कांग्रेसी की इस गतिविधि से पार्टी का प्रचार जनपद में होगा। वही जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने जानक. ारी देते हुए बताया हैं कि गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हापुड़ आ रहे हैं जिनके स्वागत में



कांग्रेस जनों ने पूरी तैयारी कर ली हैं। उन्होंने कहा हैं कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी हापुड़ में दुष्यंत त्यागी जी हितकारी फार्म हाऊस वालो के निवास स्थान पर एक शोक सभा ने आयेंगे। वहां वे उनके बड़े भाई देवेंद्र त्याग जी दरोगा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए पहुंचेंगे। राकेश त्यागी ने बताया हैं कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सुबह करीब 10:30 बजे हापुड़ निजामपुर बाईपास पर पहुंचेंगे। यहां से वे असौड़ा दुष्यंत त्यागी के निवास स्थान पर उनके भाई को श्रद्धांजलि अर्पित करने शोकसभा में जायेंगे।

# गंगा दशहरा पर्व को लेकर डीएम ने बृजघाट को कराया पॉलीथीन मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गंगा दशहरा पर्व को लेकर जनपद हापुड़ प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है।

बुधवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने बृजघाट पहुंचकर विशेष स्वच्छता अभियान की अगुवाई की। इस दौरान उन्होंने स्वयं घाट पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और अधिकारियों को गंगा घाट को पूरी तरह पॉलीथिन मुक्त बनाने का संकल्प भी दिलाया। डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि गंगा दशहरा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु बृजघाट पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता घाट की स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि गंगा में किसी भी प्रकार का कचरा न डालें और घाट को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर निकाय, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और जल निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। डीएम ने मौके पर ही घाट की सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, शौचालय और पार्किंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। घाट पर नाविक, गोताखोर और मेडिकल टीम तैनात की जाएंगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य



है कि गंगा दशहरा को श्रद्धा, शांति और स्वच्छता के साथ मनाया जाए। साथ ही स्वच्छ गंगा का संदेश जन-जन तक पहुंचे, जिससे लोग इस अमूल्य धरोहर को संरक्षित रखने में सहभागी बनें।

# युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि युवती द्वारा थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरा. पी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी कृष्ण पुत्र रोहताश निवासी ग्राम कनकपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर को रेलवे रोड़ पिलखुवा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।



# आज से जादूगर सम्राट अजूबा के मैजिक शो का होगा आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला टॉकीज में 5 जून को जादूगर सम्राट अजूबा के मैजिक शो का आगाज किया जाएगा। जिसमें आमजन अपने बच्चों परिवार के सदस्यों के साथ रोजाना दो शो जिसमें शाम 4 बजे 6 बजे और 7 बजे से राय 9 बजे वाले शो को देखने आ सकते हैं। जिसमें विख्यात जादूगर सम्राट अजूबा अपनी टीम के साथ जादू की विधाओं को मंच पर दिखाएंगे।

जादूगर अजूबा का कहना है कि धन कमाना ही हमारा मकसद नहीं है बल्कि आज के समय में हमारे देशवासी अंधविश्वास में पड़े हैं क्योंकि अपने को लोग तांत्रिक महात्मा बताकर भोले-भाले लागों को ठगते हैं। इस अन्य विश्वास से बचें और आस-पास के लोगों को बचायें।

मैं जादू के माध्यम से लोगों को जागरूक करना चाहता हूँ कि अन्य विश्वास से बचें, क्योंकि जादू शो एक स्वच्छ मनोरंजन हैं पारिवारिक शो है। भारत सरकार इस कला को राष्ट्रीय कला घोषित करके संरक्षित करें और इसे ललितकला की श्रेणी में रखा जाये। उसमें हमारा कोई न कोई सन्देश रहता है। जादूगर अजूबा ने कहा कि अपने शो के दौरान काँच के बक्शे के अन्दर पानी में जिंदा रहकर मौत को चौलेंज देना, आरा मशीन से लड़की के शरीर को दो टुकड़ा करना, खाली हाथों से नोटों की बरसात करना, हजारों साल पुरानी मिश्र देश की ममी जिन्दा होकर हवा में गायब होना, पलक झपकते ही लड़की के पेट में भाला आर-पार कर देना, आपने कभी नहीं देखा होगा कि नाचती हुई लड़की को खूंखार गांरिल्ला बना देना बहुत सारा आईटम प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान अजूबा जादूगर ने बताया कि हमारे जादू शो का उद्घाटन 5 जून दिन शुक्रवार को मुख्य अतिथि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के द्वारा किया जाएगा।

# फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने न्यायलय से गैरहाजिर चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत आसिफ उर्फ सलीम पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला डहर कस्बा व थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी न्यायालय से घर में कुछ कर मारपीट करने के मामले में गैरहाजिर चल रहा था। जिसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# हाईवे पर दौड़ रहे अवैध ऑटो पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अवैध ऑटो, ई-रिक्शा और निजी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कड़ा अभियान छेड़ दिया है। परिवहन विभाग की कार्रवाई में 9 वाहनों का चालान किया गया और 4 निजी वैन जब्त की गईं, जिन्हें अवैध रूप से सवारी ढोते हुए पकड़ा गया था। यह अभियान 15 जून तक चलेगा और रोज अलग-अलग स्थानों पर चे. कंग की जाएगी।

शहर में लंबे समय से बिना परमिट और बिना फिटनेस के सैकड़ों वाहन सड़क पर दौड़ रहे हैं। इनमें निजी पंजीकरण वाले वाहन कार और वैन बिना टैक्सी परमिट के सवारियां ढो रहे हैं। इसके अलावा, अपंजीकृत ई-रिक्शा और बिना नंबर प्लेट के ऑटो भी राजमार्गों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। ये सभी गति. विधियां न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करती हैं, सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। एआरटीओ रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने मौके पर रहकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने साफ किया कि सड़क पर चलने का अधिकार सभी को है, लेकिन नियमों के दायरे में रहकर चलना अनिवार्य है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जो वाहन फिटनेस, परमिट या पंजीकरण के बिना चल रहे हैं, वे न केवल कानून का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि यात्रियों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी चेता. वनी दी है कि यदि कोई वाहन स्वामी जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधि. नियम की धाराओं के अंतर्गत चालान, वाहन सीज़ और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ रमेश चौबे ने कहां कि नियम तोड़ने की आज़ादी नहीं है, जिम्मेदार नागरिक बनें।

**आवश्यकता है**

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालयः- अबेंडकर चौक हापुड़

## रामपुर के वरिष्ठ साहित्यकार भारत श्री सम्मान से हुए सम्मानित

# राजस्थान के जयपुर की सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ था अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व की 200 ख्यातिलब्ध विभूतियों के साथ सम्मानीय अवार्डीज की प्रथम पंक्ति में रामपुर के मिलक नगर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के दृष्टिगत शौर्य भूमि राजस्थान के जयपुर की सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में भारत;श्री;सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी अतुल कुमार शर्मा व कार्यक्रम की संयोजिका व भव्या फाउन्डेशन की संस्थापिका डॉ.निशा माथुर ने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर, 24 इंची कलश और अशोक स्तम्भ से सम्प्रक्त खूबसूरत रेड गोल्डन ट्राफी भेंट करने के साथ आपकी साहित्यिक उपलब्धियों को अभिव्यक्त करता 12ञ्20 इंच का एक विशाल प्रशस्ति पत्र प्रदान कर डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा को सम्मानित किया। उद्घोषिका द्वारा डॉ.चन्द्र की साहित्यिक उपलब्धियों का परिचय कराते हुए बताया गया कि डॉ.




चन्द्रप्रकाश शर्मा के लेखन को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा.नरेन्द्र मोदी व उ.प्र.के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी प्रशंसित किया गया है तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उद्घोषिका ने आगे बताया कि डॉ.शर्मा स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं जिनके विभिन्न प्रतिष्ठित समाच. ार-पत्रों में 200 से अधिक सम्पादकीय आलेख प्रकाशित हो चुके है जिनमें दार्शनिकता व वैज्ञानिकता का समावेश रहता है। आप 1992 से आकाशवाणी के रेडियो वार्ताकार है और आपकी 100 से अधिक वार्ताओं का प्रसारण हो चुका है। डॉ .चन्द्र दूरदर्शन कवि, 06 पुस्तकों के रचयिता,प्रखर वक्ता,कुशल मंच संचालक व राष्ट्रीय संगोष्ठियों में विषय विशेषज्ञ की भूमिका में रहते हैं। आपका जीवन साहित्य सृजन व समाजसेवा को समर्पित है। आप कई साहित्यिक और समाजसेवी संस्थाओं से निस्वार्थ व समर्पण भाव से जुड़े हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में साहित्य,कला,संगीत, समाजसेवा आदि विविध क्षेत्रों में सराहनीय सेवाओं को समर्पित भारत सहित विश्व की लगभग 200 विभूतियों को सम्मानित किया गया। डॉ .चन्द्र की अफ्रीका के घाना से आई मेघा माथुर,केरल की श्रीजा कृष्णन, ज्योतिषाचार्य मयंक शर्मा, छत्तीसगढ़ के इंजी.हरि प्रकाश गुप्ता, शिक्षक राधेश्याम दीक्षित, प्रोफेसर दिनेश कुमार के साथ भव्या फाउन्डेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर आदि से विस्तृत भेंटवार्ता हुई।

## वाहनों की भिड़ंत में एक गंभीर हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** रामपुर बाजपुर मार्ग पर रविवार की रात्रि समय लगभग 10 बजे के करीब बिजारखाता में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे में डंपर के परखच्चे उड़ गए, और इसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, इस हादसे में जनहानी का कोई नुकसान नहीं हुआ,लेकिन घटना ने स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रामपुर बाजपुर मार्ग पर बिजारखाता के करीब ग्यारह बजे हुआ जहा लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मारी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगते ही मैके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर चोकी पुलिस भी मैके पर पहुंच गई हादसे में डंपर का चालक आनंद सिंह किनदारी पुत्र गुमान सिंह किंदारी ग्राम कल्लुवली थाना रेहड़ जिला बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चालक की स्थिति देख चिकित्सकों ने हायर संेटर रेफर किया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# एक ही रात में पटवाई क्षेत्र में दो अलग-अलग गांव में हवाई फायरिंग




**( सतीश कुमार लोधी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में हवाई फायरिंग हो गई। पुलिस ने दोनों गांव के पीड़ित परिवारों की तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में बबलू अपनी जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। रविवार को बबलू अपनी दुकान बंद कर सो गए थे। की रात्रि 11 बजे गांव का सोनू खत्म अपने दोस्तों के साथ दुकान पर पहुंचा और रात्रि में सिगरेट मांग रहा था।

**■ मथुरापुर गांव में रात्रि में सिगरेट मांगने पर फायरिंग हुई तो लालपुर गांव में दारू पीकर हवाई फायरिंग का मामला आया सामने**

सिगरेट नहीं देने पर पीड़ित बबलू ने बताया कि सोनू खत्म और उसके दोस्त दुकान पर आए और गाली गलौज कर सोनू ने हवाई फायरिंग कर दी। गांव के किसी व्यक्ति ने पटवाई पुलिस को सूचना दे दी सूचना पर पुलिस गांव पहुंच गई। आरोपी मौका देख गांव से फरार हो गए। बही इसी थाना क्षेत्र के लाल. पुर गांव निवासी यादराम ने बताया कि गांव के राजवीर पप्पू रामपाल शराब पीकर घर में घुस गए। और गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर राजवीर ने हवाई फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पुलिस पहुंच गई। दोनों गांव के लोगों ने गांव में मारपीट ब फायरिंग की तहरीर पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा को सौंप दी है।

उधर पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पदोन्नति होने पर सचिवों को दी गई विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड चमरौआ के सभागार में ग्राम विकास अधिकारी से सहायक विकास अधिकारी सहकारिता के पद पर पदोन्नत हुए सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता का सम्मान /विदाई समारोह ग्राम विकास अधिकारी संघ रामपुर द्वारा आयोजित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा पदोन्नत साथियों को शाल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों व वरिष्ठ साथियों द्वारा पदोन्नत साथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए एवं ओमकार सरन सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता को सेवानिवृत होने पर संवर्ग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मिलक, खंड विकास अधिकारी




स्वार , सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता रामपुर, पुलिस निरीक्षक रघुराज सिंह, नव प्रोन्नत सहायक विकास अधिकारी अतर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, एनोज एंथोनी, संजीव कुमार ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राजा गहलोत महामंत्री मनोज सागर आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी कुरैशी ने की नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी से भेंट



**( सुहैल मियॉ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार समाज सेवी सभासद प्रत्याशी शादाब मन्नू कुरैशी ने नये कोतवाली प्रभारी प्रमोद मलिक को शॉल ओढ़ाकर व फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनसे शिष्टाचार भेंट की। कोतवाली प्रभारी ने जानकारी दी और कहा आज कल साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है सभी लोग व आम जनता सतर्क रहें।और साइबर क्राइम ठगों का शिकार होने से बचें साइबर क्राइम बहुत ही खतरनाक है। कोई भी ऐसी काल आये तो हमे सूचना दे और साइबर क्राइम ठागों से बचे। इस मौके पर शादाब मन्नू कुरैशी, मो. हम्माद, अयान मोहम्मद, अल्फाज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर कोतवाली परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** सोमवार को ईद को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव व सीओ ने नगर उलेमाओं सहित नगर के सम्भ्रांत लोगो व प्रधानों को बुलाकर उपजिलाधिकारी, सीओ टांडा, व कोतवाल प्रदीप कुमार ने त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कोई भी त्योहार में नई परम्परा न डालने को लेकर लोगों को सकुशल ढंग से मनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। त्योहार को शांति पूण ढंग से मनाने की अपील की और कोई भी असामाजिक तत्व के व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम नगर पालिका टांडा, दढ़ियाल से नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार, बादली उदासीन आश्रम महंत केशव मुनि महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष हाजी शकील, अकीलुरहमान, हाजी मोहम्मद जमील मौलाना हनीफ आदि लोग मौजूद रहे।

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सोमवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय जिला परिषद में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल की तैयारी को लेकर मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना द्वारा जनपद के योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर हरिओम ने बताया कि 10, 11और 12 जून को तीन दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रोशन बाग पार्क लोहिया पार्क अंबेडकर पार्क श्री गुरु गोबिंद सिंह पार्क एवं किला मैदान में सभी योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत प्रात: 7:30 से 8:30 बजे तक योग अभ्यास कराया जाएगा। आयुष विभाग के इस योग शिविर का लाभ उठाएं। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, उमेश चंद्रा, राजीव कुमार, सोनू चौहान, अंशु सक्सेना, भूपराम आदि मौजूद रहे।

### पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त



को गिरफ्तार किया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल नेतृत्व में आज थाना मिलक पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त करन पुत्र ओमप्रकाश निवासी एस.डी.एम कालोनी मो.रोरा खुर्द थाना मिलक सम्बन्धित मु.अ.सं. 202/2025 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस 3/ 4 (2) पाक्सो एक्ट मे गिरफ्तार किया गया।

# होटलों में चलाया चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप



**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पुलिस ने मसवासी के मुरादाबाद बाजपुर चौराहे पर शराब की दुकानों के आसपास स्थित होटल में छापामार करवाई कर चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की। रविवार की शाम चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मसवासी के मुरादाबाद चौराहे पर स्थित शराब की दुकानों के आसपास खाने के ढाबे और होटल पर चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से शराब का सेवन सीमित मात्रा में करने की हिदायत की और कहा यदि कोई भी अत्यधिक शराब पीकर होटल और ढाबे पर हुड़दंग मचाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने पट्टी कला के खटीमा पानीपत नेशनल हाईवे स्थित ढाबों और होटल पर भी चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

# क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को शाम 5:00 बजे मुख्य प्रबंधक देवेश कुमार मित्रा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामपुर के हाल में स्टाफ पेंशनर्स की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर के नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने भाग लिया। सभा में पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

सभी समस्याओं का निराकरण क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार द्वारा तुरन्त कर दिया गया। अपने संबोधन में सहायक महाप्रबंधक प्रभात कुमार जी ने कहा की स्टेट बैंक पेंशनर्स की मान मर्यादा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है इनको किसी भी हालत में कोई कठिनाई नहीं होगी अगर किसी को कोई दिक्कत आती है तो वह मुझे डर सीधे संपर्क कर सकते हैं इस पर सभी पेंशनर्स ने खुशी जाहिर की। सभा की अध्यक्षता स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार सक्सेना ने की। सभा का संचालन विमल कपूर तथा अभिलाष मिश्रा ने किया। सभा के



अंत में मुख्य प्रबंधक मित्रा ने सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सभी पेंशनर्स को सम्मानित किया। सभा में मुख्य रूप से डीके सिंह, कृष्ण गोपाल सिंहा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शरद गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, रामवीर गुप्ता, वीरेंद्र कपूर, महेश बाबू कपूर, मदन लाल बड़े बाबू, रविंद्र कपूर एवं दिनेश कुमार संजय अग्रवाल सहित काफी संख्या पेंशनर्स उपस्थित रहे। अंत में समस्त पेंशनर्स की ओर से अभिलाष मिश्रा द्वारा मीटिंग के सफल आयोजन तथा स्टाफ पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए देवेश कुमार मित्रा, मुख्य प्रबंधक तथा प्रभात कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक का धन्यवाद किया गया।

# कोर इम्यूनोपैथ लैब का हुआ उद्घाटन, 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी जांच सेवाएं

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कोर इम्यूनोपैथ लैब का शुभारंभ किया गया।

लैब का उद्घाटन डॉ. महमूद अली खान (एमबी बीएस, Ms) ने किया, जो सेवा अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक हैं। इस अवसर पर शहर के कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों सहित IMF डॉ. फवाद शम्शी भी मौजूद रहे। आम जनता की भारी भीड़ इस उद्घाटन समारोह में देखने को मिली।

इस लैब की स्थापना डॉ. आतिफ शम्शी द्वारा की गई है, जिन्होंने क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री में PhD की है और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में 20 वर्षों का व्यापक अनुभव है। डॉ. आतिफ ने बताया कि इस लैब का उद्देश्य लोगों को सटीक, तेजी से और विश्वसनीय जांच रिपोर्ट प्रदान करना है। लैब की एक खासियत यह है कि यह 24 घंटे खुली रहेगी और होम कलेक्शन की सुविधा भी 24X7 उपलब्ध रहेगी, जिससे मरीज घर बैठे ही सैंपल भेज सकेंगे।

यह सुविधा खासतौर पर बुजुर्गों और




व्यस्त लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। कोर इम्यूनोपैथ लैब को नवीनतम तकनीक और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया गया है, ताकि हर टेस्ट की रिपोर्ट अधिकतम सटीकता के साथ शीघ्रता से मरीजों को मिल सके। डॉ. आतिफ ने बताया कि लैब में गुणवत्ता, पारदर्शिता और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस नई लैब के शुभारंभ से रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधा और राहत मिल सकेगी।

# टांडा से-मसवासी उपकेन्द्र तक लाइन पर इंसुलेटेड वायर डलवाई जाये: चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** आये दिन ब्रेकडाउन होने की समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने विद्युत विभाग से टांडा से मसवासी उपकेन्द्र तक 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की जगहा इंसुलेटेड वायर लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा नंगे तारों के कारण क्षेत्र में बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा को खतरा है। दिनेश गोयल ने बताया कि इंसुलेटेड वायर लगने से न केवल बिजली की हानि कम होगी, बल्कि बारिश और तूफान के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से इस मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष



दिनेश गोयल ने इंसुलेटेड वायर को डलवाने के लिए बिजली विभाग सहित उच्च अधिकारियों को लगभग दो वर्षों से पत्र भेज रहे है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है, इससे लगता है कि विधुत विभाग सरकार की छवी धुमिल करने का प्रयास कर रहा है पत्र भेज ने की जानकारी बिजली विभाग के एसडीओ से ली गई तब उन्होंने बताया है नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल के द्वारा पत्र दिया गया है और जल्द ही इंसुलेटेड वायर का प्रस्ताव बनाकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# बाइक-डीसीएम की भिड़ंत, पिता व मासूम बेटी की मौत

## हादसे में गभर्वती महिला व बेटा गंभीर घायल, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/रहरा।** संभल मार्ग पर गांव कालाखेड़ा के निकट बुधवार को एक तेज रफ्तार डीसीएम और बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक 27 वर्षीय अमित राणा की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं उपचार के दौरान उसकी 4 वर्षीय मासूम बेटी दीक्षा ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल अमित की आठ माह की गर्भवती पत्नी रीनू एवं 7 वर्षीय बेटे कनिष्क को हायर सेंटर रेफर किया गया है। डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, थाना आदमपुर के गांव शीतला सराय निवासी अमित पुत्र कलुआ अपनी पत्नी रीनू, पुत्र कनिष्क और पुत्री दीक्षा के साथ बाइक पर सवार होकर हसनपुर आ रहे थे। जैसे ही वे संभल मार्ग स्थित गांव कालाखेड़ा के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक डीसीएम से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि अमित की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। इसी दौरान हसनपुर की



उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विभा श्रीवास्तव उधर से गुजर रही थीं। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायल मासूम कनिष्क को अपनी गाड़ी में बैठाकर हसनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।



रहरा। मृतक बेटी से लिपटकर रोती मां

वहीं, रीनू और मासूम दीक्षा को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। हायर सेंटर में उपचार के दौरान 4 वर्षीय मासूम दीक्षा की भी मौत हो गई। मृतक अमित चार बहनों का इकलौता भाई था, अमित और उसकी मासूम बेटी दीक्षा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है और डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक हसनपुर वरुण कुमार ने बताया कि हादसे में पिता एवं उसकी चार साल की बेटी की मौत हो गई है। दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार्यवाही की जा रही है।

# किसान के घर से नकदी समेत डेढ़ लाख की चोरी

## पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान के घर में घुसकर चोरों ने नकदी-जेवरात समेत करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी सुबह जागने पर हुई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मुनीमपुर उर्फ बैसपुर की है। यहां किसान सुमित कुमार का परिवार रहता है। बीते सोमवार की रात किसान समेत परिवार के अन्य सदस्य आंगन में सोए हुए थे। रात में किसी समय दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरों का सामान खंगालना शुरू कर दिया। इसके बाद अलमारी में रखी 4500 रुपये की नकदी के अलावा सोने के कुंडल व अंगूठी, चांदी की पाजेब तथा चौन के अलावा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए। किसान को घटना की जानकारी सुबह में उस समय हुई जब उनकी पत्नी मोनिका किसी काम से कमरे में गईं। वहां सामान बिखरा हुआ पड़ा था, नकदी और जेवरात गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, चोरी हुए सामान की जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज का ली गई है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पत्नी का आरोपः साथी कर्मी फार्म से ले गए थे बुलाकर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की बात कह रही हैं।

बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर में बाग पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। पेड़ पर शव लटका होने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गयी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। युवक की पहचान गांव आजमपुर निवासी 30 वर्षीय विन्दर पुत्र ऋषिपाल के रूप में हुई। जानकरी पर विन्दर के परिजन भी रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए। म्रतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि मंगलवार की दोपहर विन्दर को गांव के ही कुछ लोग फार्म से बुलाकर साथ ले गए थे इसके बाद म्रतक की पत्नी जोनी की विन्दर से आखिरी बार बात हुई। उसके बाद से विन्दर का कुछ पता नही चला। परिजन विन्दर को तलाश रहे थे तो बुधवार को उन्हें बाग में पेड़ पर विन्दर मर्त हालात में लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम को भेज दिया पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की बात कही। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया शव पोस्टमार्टम को भेजा गया हैं मामले मे आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं।

# खेत से लौट रहे किसान पर दबंगों ने किया हमला

## गंभीर हालत में भर्ती, चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खेत से घर लौट रहे किसान को रास्ते में घेरकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने धक्का देकर जमीन पर गिराने के बाद अंधाधुंध लाठी-डंडे बरसाकर अधमरा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हमले में गंभीर घायल किसान को उपचार के लिए जोया सीएचसी भर्ती कराया। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर नवादा की है। यहां किसान मुस्तफा का परिवार रहता है। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह खेत से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही रहने वाले जमशेद, फिरासत, मोहम्मद उमर व कासिम ने घेर लिया। अकड़ में चलने की बात कहते हुए आरोपी गाली-गलौज करने लगे, मुस्तफा ने जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। धक्का देकर जमीन पर गिराने के बाद जमकर लाठी-डंडे बरसाए। हमले में गंभीर घायल मुस्तफा बेहोश हो गए। शोर सुनकर ग्रामीणों को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल मुस्तफा को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### शराब के नशे में पत्नी को पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शराब के नशे में पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक की है। यहां रहने वाली ममता का आरोप है कि उसका पति खचेड़ू शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। इतना ही नहीं घरेलू खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता है। घटना बीती 21 मई की शाम चार बजे की बताई है। आरोप है शराब के नशे में घर पहुंचे खचेड़ू ने बेवजह गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया। ममता ने जब इसका विरोध किया तो डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मदद के लिए चीखने पर पड़ोसियों को जमा होते देख आरोपी खचेड़ू आईंदा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने पत्नी से मारपीट के मामले में आरोपी खचेड़ू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि की।

### समर कैंप में बच्चों ने बनाई कठपुतलियां



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती में कंपोजिट विद्यालय में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत बुधवार को छात्र-छात्राओं द्वारा कठपुतलियों का निर्माण कराया गया। जिसके बाद बच्चों ने स्वच्छता का संदेश देती हुई प्रस्तुति भी दी। कठपुतलियों के निर्माण में शशि बाला, पंकज त्यागी,दीपक कुमारी ने बहुत ही सहयोग किया। राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका रेखा रानी ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक क्षमताओं का विकास होता है। 21 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले इस समर कैंप में प्रतिदिन बच्चों को नई नई गतिविधियां सिखाई जा रही हैं, जिससे बच्चो का मनोबल बढ़ रहा है और बच्चे नया सीख भी रहे हैं।

### मां काली मंदिर में रामायण पाठ आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के टीचर्स कॉलोनी में स्थित माँ काली मंदिर पर बुधवार को हनुमान चालीसा के उपलक्ष में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। श्री राम भक्त हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। भक्तगण घंटो तक हनुमान जी की भक्ति में डूबे रहे। गुरूवार को समापन के अवसर पर विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर में अजय चौधरी, विवेक त्यागी, वीरेंद्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा, कमल अग्रवाल, मगन सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, कुलदीप चौधरी, ममता चौधरी, प्रीत त्यागी, पंकज त्यागी, नंदनी त्यागी, नितिन प्रजापति, लकी वर्मा समेत मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# दबंगों ने स्कूल संचालक के घर बोला धावा

## दो घायल, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दबंगों ने स्कूल संचालक के घर में घुसकर लाठी डंडो एवं ईट पत्थर से मारपीट कर दी। मारपीट में दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही जुटी है।

पूरा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा का है। यहां गांव निवासी टीकम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई की शादी तेरह मई को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव से हुई थी। इस शादी का बिचौलिया भी इसी गांव का रहने वाला है। जिस युवती से भाई की शादी हुई है। बिचौलिया उसका जीजा लगता है। आरोप है कि बिचौलिया भाई की घरवाली को अपने घर घूमने के लिए बुलाने आया था। जब उन्होंने भाई की घरवाली को उसके घर भेजने के लिए मना किया तो वह आग बबूला हो गया और घर में घुसकर उनके परिवार के साथ लाठी डंडों एवं ईट पत्थर से मारपीट की। मारपीट में टीकम, जसवंत घायल हो गये। सभी घायल तुरंत कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग। पुलिस ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर लेने के बाद घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

बीते दिन ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से हुआ था घायल

# सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भात भरकर घर लौट रही ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे खंदक में पलट गई। जिसमें तकरीबन आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। 20 वर्षीय युवती की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि कक्षा 6 के छात्र की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चक कुदैना के ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली से सोमवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में रिश्तेदारी में भात में शामिल होने के लिए आये थे। देर शाम वह भात भरकर ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों से भरी हुई थी। इस दौरान जैसे ही उनकी ट्रैक्टर ट्राली रहरा थाना इलाके में गांव भावली के नजदीक स्थित बगद नदी पर बने पुल के पास पहुंची तो अचानक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाली पड़ी नदी में पलट गई थी। इस हादसे में कुदेना चक निवासी राम सिंह उर्फ मस्ता की 20 वर्षीय बेटी माया की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर ट्राली में सवार संतोष,अर्चना,दया,प्रीति,मनीष समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। मंगलवार की देर रात 11 वर्षीय घायल मनीष पुत्र ब्रह्म सिंह की उपचार के दौरान मेरठ में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र था। वह पांच बहन भाई में तीसरे नंबर का था। छात्र की मौत से मां आशा समेत परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षक नेताओं ने ठेकेदार के पिता से मिलकर बढ़ाया ढांढस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चैतनारायण गुट के पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चैतनारायण सिंह के निर्देश पर गजरौला पहुंचकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतरपाल सिंह के दिवंगत पुत्र देवऋषि उर्फ दीपक को श्रद्धांजलि दी और परिजनों का ढ़ाढ़स बंधाया। बता दें कि गुरूवार को नगर के शुक्लपुरी निवासी देवऋषि व उनके चालक इंद्रपाल के शव मोहल्ला अवंतिकानगर स्थित उनके ऑफिस परिसर में मिले थे। दोनों के मुंह से झाग आ रहे थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया था, हालांकि मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण विसरा सुरक्षित रखा गया। परिजनों का संदेह है कि ठेकेदार व चालक को

**■ पुलिस ने लापरवाही बरती तो विप में उठाएंगे मामला**

जहर देकर मारा गया है, क्योंकि उनके मुंह से झाग आ रहे थे। पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। परिजनों के संदेह पर ठेकेदार के दूसरे चालक विशाल को भी हिरासत में लिया गया था। गुरूवार को संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, मंडल संयोजक वीर सिंह, मंडलाध्यक्ष हरिशंकर भारती, मंडल मंत्री अरूण शर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विमलेन्द्र विमल आदि ने अतरपाल सिंह व परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। उनकी अपील है कि किसी निर्दोष



को संलिप्त न किया जाए, लेकिन पुलिस किसी दोषी को भी न बख्शे। कहा कि पुलिस ने रविवार तक का समय दिया है, यदि उसके बाद भी कुछ दिन का समय और लगता है तो भी वे पुलिस को समय देंगे, लेकिन यदि पुलिस मामले में लापरवाही बरतती है तो वे अपने संघ के नेताओं के द्वारा प्रकरण को विधान परिषद में उठाएंगे। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने भी फोन पर अतरपाल सिंह से वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

# खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

## यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खतरनाक तरीके से स्टंटबाजी कर रहे युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए युवा जान जोखिम में डालकर खतरनाक तरीके से स्टंट बाजी कर रहे हैं। वह यह नहीं सोच रहे ऐसे खतरनाक करतब दिखाने से उनकी जान भी जा सकती है। साथ ही वह यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही एक स्टंट बाजी

**■ वीडियो की जांच में जुटी पुलिस**

करता हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस लगातार स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कर रही है। लेकिन उसके बावजूद भी उन पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जानकारी मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर कार्रवाई भी की जायेगी

भानपुर में भाकियू की महापंचायत, किसानों को हक लेने के लिए एकजुट होना होगाः विजयपाल

# गन्ना भुगतान दिलाने व विद्युत समस्या को लेकर गरजी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा गन्ना भुगतान, बिजली विभाग, वन विभाग और बैंक से संबधित समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर एक महापंचायत का आयोजन नगर गजरौला के भानपुर रेलवे फाटक पर किया। महापंचायत में भारी संख्या में किसान सम्मिलित रहे। किसानों की समस्याओं को सुनने के लिये एडीएम, एएसपी व एसडीएम धनौरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी पहुंचे। जिन्हें डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ.विजयपाल सिंह ने कहा कि किसान भाकियू टिकैत संगठन से जुड़ें, यही सबसे पुराना संगठन है। यदि किसान संगठित रहेंगे तो ही उनकी कोई सुनवाई कर सकता है अन्यथा किसान की कोई सुध लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान दिन रात मेहनत करके खून पसीना एक करके फसलें उगाता है और उसे अपनी फसल का दाम तय करने का भी अधिकार नहीं है। किसान को कभी बिजली विभाग, तो कभी वन विभाग और बैंक की ओर से अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि वे पिछले चार दशक से संगठन की सेवा में हैं, संगठन को मजबूत करते रहें। युवा भी संगठन से जुड़ें, क्योंकि युवा भी देश की रीढ़ हैं। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों का कहना है कि यदि किसी किसान का ट्रांसफार्मर फुंक जाता है तो विभाग उसे स्वयं न बदलकर किसी प्राइवेट फर्म से बदलवाने का दबाब बनाता है। आंधी तूफान आदि आपदा के बाद तार और पोल टूट जाते हैं, विभाग के गोदामो में सामान नहीं रहता और कई कई दिन विद्युत संकट से जूझना पड़ता है। इसलिए विभाग को एडवांस में सामान मंगाकर रखना चाहिये। उन्होंने विद्युत विभाग से आह्वान किया कि जहां पर ओवरलोड है, वहां पर क्षमतावृद्धि की जाए। वेव शुगर मिल द्वारा अभी तक भी गन्ना भुगतान नहीं किया गया है, साथ ही मिल द्वारा किसानों की दी जा रही दवाईयों में भी ओवररेट लिया जा रहा है। सड़कों पर आ रहे पेड़ आंधी तूफान के चलते गिरकर हादसों का सबब बन रहे हैं जिस पर वन विभाग को खासा ध्यान देना चाहिये। वन्य जीवन जंतु आए दिन किसानों पर हमला करते हैं, उनसे बचाव के लिये भी पिंजरे आदि लगाने चाहियें। कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि किसानों को पांच लाख तक का ऋण 03 फीसदी ब्याज दर पर दिया जाएगा मगर ऐसा नहीं है, बैंक कम से कम 07 फीसदी ब्याज दर किसान से वसूल रही हैं। इस मौके पर दानवीर सिंह उर्फ पिन्टू, जिलाध्यक्ष चौ. चन्द्रपाल सिंह, गुरूमीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, आलोक सिंह, मोहन बेनिवाल, महिला जिलाध्यक्ष सीता आर्य, विजेन्द्र शर्मा, अभीराज सिंह, मुजम्मिल, राजेन्द्र सिंह, काले सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुभाष चीमा, मुकेश कुमार, टिंटू त्यागी, धर्मवीर सिंह, राहुल यादव, वचन सिंह, इरफान चौधरी आदि मौजूद रहे।

**■ किसान एकता के नारों से गूंजी औद्योगिक नगरी**



गजरौला। भाकियू टिकैत की महापंचायत को संबोधित करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ.विजयपाल सिंह।

# राज्यपाल ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बुधवार को गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला. धिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिए निर्देश

उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गावों में विशेष कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ अभियान चलाकर लोगों तक पहुँचाया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर ज़ोर दिया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निजी चिकित्सालयों से प्रसव से संबंधित डेटा एकत्र किया जाए। संस्थागत प्रसवों में बढोत्तरी करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अल्ट्रसाउण्ड सेंटर का निरीक्षण किया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों का गांवों में कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इनके उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषाहार वितरित किया जाये तथा केन्द्रों पर कार्यशाला आयोजित की जाए। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों के कायाकल्प के सम्बन्ध में जानक. ारी ली, इस दौरान अवगत कराया गया कि 44 केन्द्रों में से 22 आंगनबाडी केन्द्र को कायाकल्प से संतृप्त किया जा चुका है शेष पर कार्य चल रहा है। बैठक में उन्होंने कहा कि छह वर्ष के सभी नामांकित बच्चों का परिषदीय स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने साक्षरत दर बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।

# संदिग्ध ब्लास्ट में महिला समेत चार घायल




शाह टाइम्स पूरनपुर। खाली पड़े घर में संदिग्ध परिस्थितियों में तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ। इसमें एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज धमाके के बाद गांव में खलबली मच गई। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है धमाके को लेकर कई तरीके की चर्चा हो रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुइया के रहने वाले ताज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद गुलाम के पड़ोस में खाली मकान पड़ा हुआ था। बुधवार दोपहर अचानक खाली पड़े मकान में तेज धमाका हुआ। पूरे घर में पीले धुएं का गुबार उठा। धमाके में ताज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद गुलाम, वाहिद अली पुत्र अल्ताफ अली, हसीन बानो पत्नी गुलाम मोहम्मद और असलम मियां पुत्र जाकिर नूर गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के बाद गांव में खलबली मच गई। सैकड़ों लोग उस घर में पहुंच गए। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। सूचना पर इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार और क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायलों ने बताया कि बंद घर की साफ सफाई कर रहे थे। इस दौरान कई संदिग्ध पोटली रखी हुईं थी। उन्हें हटाते ही धमाका हुआ जिसमें सभी घायल हो गए। हालांकि गहलुइया गांव में हुए धमाके को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

## शहीद हवलदार लखविंदर सिंह को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने दी अंतिम विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उप्र. बलदेव सिंह औखल सिक्किम के लाचुंग में भूस्खलन में जनपद के शहीद लखविंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी ग्राम धुरिया पलिया, थाना माधौटांडा के घर पहुंचे और परिजनों से मिले और हर सम्भव मद्द करने का आश्वासन दिया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सिक्किम में देश की सेवा के दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये सर्वोच्च बलिदान दिया। इस दौरान उन्होंने शहीद हवलदार सरदार लखविंदर सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए, श्रद्धांजा. ति अर्पित करते हुए शहीद के परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी। ईश्वर से प्रार्थना करते हुये शहीद की आत्मा चिरशांति एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया परिजनों से मिलें और सांत्वना दी।

## डिजिटल मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से ठगी, बिजली विभाग का नया कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रूपपुर कमालू में कुछ लोग अपने आपको बिजली विभाग कर्मचारी और बिजली विभाग के ठेकेदार बनकर गांव में आए। पुराना मीटर उखेड़कर नया डिजिटल मीटर लगाने लगे ऐसे करने पर जागरूक लोगों ने पूछना शुरू किया क्या बात है और आप लोग कौन है इतना सुनते ही उनमें से एक युवक लोगों पर भड़क उठा अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। जागरूक लोगों ने उस युवक की वीडियो बनाकर वायरल कर दी।

वीडियो देखा जा रहा की तथाकथित बिजली विभाग कर्मचारी से उसका नाम और आई कार्ड पूछा जा रहा है तो उसमें टाल मटोल करता नजर आ रहा ऐसा प्रतीत होता है वो लोग फर्जी है। डिजिटल मीटर के साथ लगभग 30 मीटर केबल भी लगती जोकि उक्त कर्मचारी न लगाकर केबल गुमराह कर रहे कि हमारी कंपनी में केबल नहीं मिलती है। अब देखिएगा कैसे गुमराह और फर्जीवाड़ा कर कैसे उपभोक्ताओं के साथ ठगी हो रही है। आपको बताते चले कुछ सालों पहले ऐसे कुछ लोग गांवों में आए थे सरकारी योजना के तहत एल ई डी बल्ब मुफ्त देने के बहाने लोगों से आधार कार्ड लेकर मशीन में अंगूठा लगा लिया था उसके बाद लोगों के खातों से रुपया निकलने के एस एम एस आने लगे कई हजारों रुपया गायब हुआ था लोगों के खातों से। कही उसी की तरह अन्य लोग भी तो नहीं ऐसा जानने के लिए जरूरी जानकारी लोगों ने क्या पूछ लिया तथाकथित बिजली विभाग कर्मचारी लड़ने पर उतारू हो गए।

पूर्व जानकारी लेने को हमारे पत्रकार ने बिजली विभाग के जे ई सुनील कुमार और एस डी ओ शशांक कांडपाल से फोन संपर्क किया तो उठा नहीं। अब देखना है बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने में नियमिताएं निभाई जाएगी या नहीं।

# पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं मनाएं जीवनशैली में: जिलाधिकारी




**मथुरा।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा पर्व पर बुधवार को मथुरा नगर के प्रसिद्ध बंगाली घाट से लेकर विश्राम घाट तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश व अन्य अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर घाटों की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश दिया। जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त ने आज न केवल घाटों का निरीक्षण किया, बल्कि खुद झाड़ू उठाकर सफाई की मिसाल पेश की। उनके इस पहल को देखकर घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों व दुकानदारों में उत्साह की लहर दौड़ गई। वे भी इस अभियान में शामिल होकर घाटों की सफाई में जुट गए। नगर निगम की टीम ने स्वच्छ घाट, सुंदर घाट, यमुना मैया को स्वच्छ रखें जैसे ओजस्वी नारों के साथ घाटों पर जनजागरूकता अभियान चलाया। सिंगल यूज व प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक, यमुना नदी में पूजा सामग्री व कचरा न डालने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने नगर के नागरिकों से कहा कि ''पर्यावरण दिवस साल में सिर्फ एक दिन मनाने का नहीं, पूरे साल इसे जीने का तरीका बना चाहिए। '' उन्होंने प्रत्येक नागरिक से आग्रह किया कि वे अधिकाधिक वृक्ष लगाएं, और उनका मातृभाव से देखभाल करें। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सभी नागरिकों से अपील की गई कि गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर घाटों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें, कचरा निर्धारित स्थलों पर ही डालें और स्वच्छता को एक सामा. जिक जिम्मेदारी के रूप में निभाएं, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और दिव्य वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी की उपस्थिति में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने, अधिक से अधिक रीसायकल उत्पादों को अपनाने तथा स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य के निर्माण हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अभियान के माध्यम से मथुरा–वृन्दावन नगर निगम ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जनता और प्रशासन साथ चलें, तो हर घाट स्वच्छ, हर नदी निर्मल और हर शहर सुंदर बन सकता है। स्वच्छता श्रमदान अभियान के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण संतोष पाठक, बालकिशन चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार , मुख्य अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया , नगर निगम की सहयोगी संस्था रिसिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड , नेचर ग्रीन , अर्नस्ट एंड यंग कंपनी नगर निगम के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## जनशिकायतों के निस्तारण में पीलीभीत प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** जनपद की पुलिस ने जनशिकायतों के निस्तारण में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मई माह में जनपदीय पुलिस कार्यालय और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे में पीलीभीत को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। जनपदीय पुलिस कार्यालय और सभी सर्किल थानों ने ऑनलाइन, ऑफलाइन प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ताप. रक समाधान किया। पीलीभीत पुलिस ने दस महत्वपूर्ण मानकों पर बेहतर प्रदर्शन किया। इनमें शिकायतों की मार्किंग, डिफॉल्टर संदर्भ, आवेदक फीडबैक, श्रेणीकरण, सीएम ऑफिस से संबंधित मामले, उच्चाधिकारियों की कार्यवाही, एसपी कार्यालय में संदर्भफीडिंग, भौतिक सत्यापन और यूजर प्रोफाइल अपडेशन शामिल हैं। फील्ड विजिट रिपोर्ट में भी पीलीभीत पुलिस का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की साप्ताहिक छुटटी दिलाने की मांग

**जेवर।** कस्बा स्थित बाजार में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर मजदूरी करने वाले लेबर कर्मियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जेवर में साप्ताहिक छुटटी दिलाने की मांग करते हुए साप्ताहिक बन्दी का कडाई के साथ पालन कराये जाने की मांग की है। नगर के बाजार स्थित व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर मजदूरी करने वाले नीरज सुनील कुमार फैसल अजीत अमित यतीश राजेश बन्टी नवीन कुमार नरेश कुमार राकेश अंकुर मोि. हत रवि आमिर सलमान मुशाहिद विशाल राहुल पवन आदि दर्जनों मजदूरों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि वह अपने परिवारों के भरण पोषण के लिए स्थानीय व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर मजदूरी करते हैं सरकारी कर्मचारियों एवं कम्पनीयों में कार्य करने वाले लोगों को सप्ताह में एक व महिने में चार और त्यौहारों पर छुटटी दी जाती हैं। मगर जेवर में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर मजदूरी करने वाले मजदूरों को सप्ताह में कोई छुटटी नहीं दी जाती है जिस कारण मजदूर वर्ग अपने पारिवारिक कार्य भी पूरे नहीं कर पाते हैं वैसे तो नगर में साप्ताहिक बन्दी का दिन प्रशासन की नजर में घोषित है मगर वास्तविकता तो कुछ और ही है यहां व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर कार्य करने वाले मजदूरों को कोई छुटटी नहीं दी जाती है। वल्कि उनके साथ व्यापारियों द्वारा बंधुआ मजदूरों जैसा सुलूक किया जाता है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर मजदूर वर्ग की अनदेखी करने और व्यापारियों से मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सप्ताह के सातों दिन तथा महिने के पूरे तीस 31 दिन साल से साल कार्य करते हैं अगर कोई मजदूर किसी कारणवश छुटटी करता है तो उसकी

## संस्कृति एनजीओ के साथ मिलकर चला रहा है स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** भारत सरकार के सहयोग से स्मार्ट एनजीओ एवं संस्कृति यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधित्व में रेडियो संस्कृति 91.2 एफएम ने मथुरा जिले के प्रत्येक गाँव में संक्रामक रोगों (संचारी रोग) को लेकर जन–जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ''मथुरा विजन'' के तहत ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को संक्रामक रोगों के प्रति सचेत करना और उनकी रोकथाम हेतु जरूरी जानकारी पहुँचाना है।

इस अभियान के प्रथम चरण में संस्कृति यूनिवर्सिटी के संरक्षण में संचालित संस्कृति आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम तथा रेडियो संस्कृति की टीम ने मथुरा के नगला बिरगा गाँव का दौरा किया। गाँव में मौजूद ग्रामीण जनों को सरल भाषा में बताया गया कि संक्रामक रोग कैसे फैलते हैं, इनसे कैसे बचा जा सकता है, और कौन–कौन से घरेलू व वैज्ञानिक उपाय अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। साथ ही, वहां मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञों ने मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया। संस्कृ ति यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान को आगे और भी गाँवों तक पहुँचाया जाएगा, ताकि मथुरा का हर नागरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन सके। रेडियो संस्कृ ति 91.2 एफएम इस अभियान को नियमित रूप से प्रसारित करेगा ताकि जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक प्रेरणास्पद प्रयास है।

## जनपद में चलाया खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान, प्रतिष्ठानों के लिए नमूने



**मथुरा।** आज जनपद में मुड़िया मेला एवं गंगा दशहरा पर्व को दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा बल्देव क्षेत्र से सरसों का तेल का एक नमूना, वृन्दावन क्षेत्र प्रेम मंदिर के पास से घी, कार्बोनेटेड वाटर व सरसों का तेल का एक–एक नमूना, नौहझील क्षेत्र से हल्दी पावडर का एक नमूना, छाता क्षेत्र से हल्दी पावडर, राया से स्किम्ड मिल्क पावडर, ट्रांसपोर्ट नगर मथुरा से सरसों का तेल का नमूना और प्रयाग घाट यमुना किनारे से पेड़ा तथा गाय का घी का एक–एक नमूना संग्रहित किया गया। कुल 10 नमूने संग्रहित किए गए। उक्त संग्रहित खाद्य नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह, रीना शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, भरत सिंह एवं राम नरेश मौजूद रहे।

# कोरिडोर बनने पर लाखों लोग कर सकेंगे श्रीबाँकेबिहारीजी के दर्शन

**मथुरा।** वृंदावन में कोरिडोर के अस्तित्व में आने के बाद प्रतिदिन 1.6 लाख लोग श्रीबाँके बिहारी जी के दर्शन कर सकेंगे। यह संख्या ताज महल देखने वालों से भी चार गुना अधिक होगी। वर्तमान में 15 से 20 हजार औसतन श्रद्धालु श्रीबाँकेबिहारी जी के दर्शन करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वृंदावन में श्रीबाँकेबिहारी जी के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधार्थ बिहारीजी कोरिडोर बनाये जाने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट का भी प्रावधान कर दिया है। कोरिडोर के निर्णय को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मंदिर न्यास का भी गठन किया गया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि वृंदावन में बिहारीजी कोरिडोर बनने के बाद श्री राधा कृष्ण के भक्तों के साथ स्थानीय लोगों की अनेक समस्याओं भी स्वतः निराकरण हो जाएगा। बच्चे और महिलाओं के साथ बुजुर्ग दर्शनार्थियों को दर्शन के लिए विशेष सुविधा मिलेगी। चिकित्सा और सुरक्षा भी बिहारीजी के भक्तों को कोरिडोर में प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि बिहारी जी कोरिडोर में एक साथ 10 हजार लोगों की मौजूदगी हो सकेगी, जिससे वृंदावन की गलियों में भीड़ का दबाव कम हो जाएगा। दर्शन की प्रतीक्षा वाले तीन हजार लोगों के बैठने के लिए ब्रेंच भी होंगी।

सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि प्रस्तावित कोरिडोर का डिजायन इस प्रकार तैयार किया गया है कि सामान्य दिनों में 15 हजार लोग प्रति घंटे और 1.2 से 1.6 लाख लोग प्रतिदिन दर्शन कर सकेंगे। यह संख्या ताज महल प्रतिदिन देखने वालों से चार गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भीड़ का दबाव अधिक होने के कारण मंदिर के आसपास व्यवसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। अधिक भीड़ में लोग इन दुक. ानों से कुछ भी खरीद नहीं पाते हैं, लेकिन कोरिडोर बनने के बाद भीड़ का दबाव गलियों में कम हो जाएगा। फिर लोग इन्हीं दुकानों से खानपान सहित अन्य खरीदारी करते हुए ब्रज दर्शन का लुफ्त उठाएंगे। वृंदावन वासियों को भी भीड़ के चलते होने वाली असुविधाओं से निजात मिल जाएगी।

# लोडर और कार की भिड़ंत

### बरेली–बीसलपुर मार्ग पर हुआ हदसा, दो लोगों की मौत

- **चालक समेत पांच घायल, एक की हालत गंभीर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली–बीसलपुर मार्ग पर राघवपुर मोड़ के पास बुधवार को लोडर व कार की जबरदस्त टक्कर हुई, जिससे कार असंतुलित होकर रोड किनारे खाई में पलट गई। इससे कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई। कार चालक और लोडर चालक व हेल्पर सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



बुधवार को शाम चार बजे बरेली–बीसलपुर मार्ग पर राघोपुर मोड़ के पास बीसलपुर की ओर से लोडर वाहन की सामने से आ रही कार से जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे कार असंतुलित होकर रोड किनारे खाई में जा पलटी। कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार चालक व उसमें सवार दो लोगों को बाहर निकाला। जिनमें डेलापीर बरेली निवासी मोहित कुमार व इनके एक साथी मौके पर ही मौत हो गई।

बरेली निवासी कार चालक ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हुआ है। लोडर चालक इरफान व हेल्पर मनोज कुमार निवासी अमृति थाना भुता और उसमें बैठी दो सवारी ग्राम रुपियापुर निवासी नरोत्तम गंग. वार और नीरज गंगवार घायल हो गए। पुलिस ने इन सभी घायलों को एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भेज दिया है। कार चालक घायल ओम प्रकाश की हालत गंभीर बताई गई है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सड़क पर दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतारे लगने से एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चैंपियन आरसीबी को 20 करोड़

## पीबीके को 12.50 करोड़ मिले, 14 साल के वैभव सुपर स्ट्राइकर




**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को नया चैंपियन मिल चुका है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराते हुए 18वें सीजन का टाइटल जीता। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता, लेकिन पंजाब के ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ गया। खिताब जीतने पर आरसीबी को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 20 करोड़ रुपए की विनिंग प्राइज मिली। जबकि रनर-अप पीबीके को 12.5 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर रही मुंबई इंडियंस को 7 और चौथे नंबर की टीम गुजरात टाइटंस को 6.50 करोड़ रुपए मिले। सीजन में सबसे ज्यादा 759 रन बनाने वाले गुजरात के साई सुदर्शन को आरेंज कैप दी गई, जबकि सबसे ज्यादा 25 विकेट लेने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को पर्पल कैप मिली। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी सुपर स्ट्राइकर ऑफ सीजन चुने गए। सबसे ज्यादा इंडिविजुअल अवार्ड गुजरात के ओप. नर साई सुदर्शन को मिले। उन्हें आरेंज कैप के अलावा, अल्टीमेट फैंटेसी प्लेयर ऑफ द सीजन, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन और मोस्ट बाउंड्री (चौके) का अवार्ड भी दिया गया। मुंबई के सूर्यकुमार यादव मोस्ट वेल्यूएबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इनके अलावा, मोस्ट सिक्स हिटर का अवार्ड लखनऊ के निकोलस पूरन, ग्रीन डाट बॉल का अवार्ड गुजरात के मोहम्मद सिराज और बेस्ट कैच का अवॉर्ड हैदराबाद के कमिंदु मेंडिस को दिया गया।




# विराट कोहली की आंखों से छलके आंसू



**अनुष्का को गले लगाकर रोए विराट**
**14 साल के वैभव ने धोनी के पैर छुए**
**रियान ने लगातार 6 सिक्स लगाए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का ऐतिहासिक समापन हुआ। 73 दिन चले टूर्नामेंट में 74 मैच खेले गए, जिनमें 30 टॉप मोमेंट्स देखने को मिले। फाइनल जीतने के बाद विराट कोहली की आंखों से आंसू निकल आए। वे पत्नी अनुष्का शर्मा को गले लगाकर रोए। आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के साथ कोहली ने जीत सेलिब्रेट की। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के यंगेस्ट प्लेयर बने। उन्होंने करियर की पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। वहीं रियान पराग ने लगातार 6 छक्के लगाए।





# सुदर्शन ऑरेंज, प्रसिद्ध पर्पल कैप से सम्मानित

**ऑरेंज और पर्पल कैप पर गुजरात टाइटंस की टीम का रहा कब्जा, सुदर्शन 759 रन बनाकर शीर्ष पर रहे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की समाप्ति के बाद टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन को ऑरेंज और इसी टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को सर्वाधिक विकेट लेने पर पर्पल कैप से सम्मानित किया गया है। गुजरात टाइटंस की टीम भले ही फाइनल में नहीं पहुंच पाई लेकिन उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक 759 रन बनाकर शीर्ष पर रहे और उन्हें ऑरेंज कैप से नवाजा गया। वहीं दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव, साई सुदर्शन से 42 रन पीछे रहे। हालांकि मंगलवार रात फाइनल में 42 रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली ने टूर्नामेंट में 657 रन बनाये वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरा स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर कप्तान के कप्तान शुभमन गिल 650 रन रहे जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श ने 627 रनों के साथ इस तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया। तेज गेंदबाज (गुजरात टाइंटस) प्रसिद्ध कृष्णा ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 25 विकेट लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया और उन्हें पर्पल कैप से सम्मानित किया गया। चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद ने 14 मैचों में 24 विकेट के साथ दूसरे। आरसीबी के जॉश हेजलवुड ने 12 मैचों में 22 विकेट झटके और वह तीसरे स्थान पर रहे। ट्रेंट बोल्ट 22 विकेट के लेकर चौथे और फाइनल में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह इस तालिका में 21 विकेटों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## पंजाब की हार के बाद प्रीति जिंटा दिखीं मायूस

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आईपीएल 2025 का खिताब जीत लिया, लेकिन इस जीत के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालिक और बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा मायूस नजर आईं। कल प्रीति सफेद कुर्ता, लाल दुपटा और सलवार में नजर आईं और मैच के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में प्रीति मैदान के चेहरे पर गहरी उदासी साफ देखी जा सकती है। मैच खत्म होने के बाद प्रीति जिंटा खिलाड़ियों के पास पहुंचीं और उन्हें दिलासा दिया। उन्होंने श्रेयस अय्यर समेत कई खिलाड़ियों को सांत्वना दी। मैदान में उनकी मौजूदगी और समर्थन हमेशा की तरह मजबूत नजर आया। सोशल मीडिया पर भावुक हुए फैन्स प्रीति जिंटा को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने अपना रिएक्शन दिया। एक फैन ने लिखा कि ये भी तो 18 साल से इंतजार कर रही हैं। एक और फैन ने लिखा, ह्प्रीति जिंटा की आंखों में आंसू थे कि जैसा कि उम्मीद थी। दिल टूट गया फिर से। ऐसा ही कुछ 2014 में भी देखा था। यूजर्स बोले- दिल से चीयर करती हैं प्रीति कई यूजर्स ने प्रीति की तारीफ करते हुए लिखा कि वो शुरू से ही टीम के साथ खड़ी रही हैं।


# आरसीबी की जीत पर झूमी फिल्म इंडस्ट्री

**रणवीर-अजय-रश्मिका ने दी बधाई, आमिर ने विराट को बताया परफेक्शनिस्ट, अल्लू अर्जुन के बेटे ने खुद पर डाला पानी**

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीके) के बीच खेला गया। इस मैच में बैंगलोर ने जीत दर्ज कर 18 साल का सूखा खत्म किया। विराट कोहली की टीम आरसीबी की इस जीत पर न सिर्फ फैंस, बल्कि बॉलीवुड और दूसरे सितारों ने भी दिल खोलकर बधाई दी। रणवीर और आमिर ने की विराट कोहली की तारीफ रणवीर सिंह ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा कि यह सब कुछ है। एक वीडियो में विराट के इमोशनल पल को दिखाते हुए उन्होंने लिखा, ष्वन क्लब प्लेयर। वहीं, आमिर खान ने कमेंट्री बाक्स से विराट को सराहा।

उन्होंने कहा कि पहले मुझे सचिन परफेक्शनिस्ट लगते थे, अब विराट कोहली लगते हैं। अजय देवगन ने भी किया पोस्ट अजय देवगन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आरस. ीबी का पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, ष्सालों से देख रहा था और चीयर कर रहा था... आखिरकार आरसीबी ने इतिहास रच दिया। बधाई हो विराट और पूरी टीम को। विक्की, कार्तिक और अर्जुन भी हुए इमा. ेशनल विक्की कौशल ने विराट को लेकर लिखा कि इस इंसान ने खेल को सब कुछ दिया है... ये जीत बहुत पहले मिलनी चाहिए थी।ष उन्होंने रु18 और दिल, ट्रॉफी वाले इमोजी भी जोड़े। कार्तिक आर्यन ने विराट का इमोशनल वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अंततः जर्सी नंबर 18, 18 साल बाद। बधाई हो जीओएटी विराट कोहली। अर्जुन कपूर ने भी अपनी पोस्ट में लिखा कि गौरव, संघर्ष, मेहनत, निष्ठा और विश्वास... 18 साल की मेहनत इस एक पल के लिए थी। बधाई हो विराट और आरसीबी।

## विजय माल्या ने आरसीबी को बधाई दी



**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय माल्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को उनकी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर बधाई दी है। उनकी बधाई वाली पोस्ट पर यूजर्स के तरह-तरह के कामेंट आए हैं। एक ने लिखा, आरसीबी जीत गई अब तो पैसे वापस कर दो। एक्स पर लिखा कि माल्या 2008 में आरसीबी के पहले मालिक थे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, आरसीबी आखिरकार 18 साल बाद आईपीएल चैंपियन बन गई। 2025 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन। शानदार कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ के साथ संतुलित टीम। बधाई हो! उन्होंने विराट कोहली, क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स जैसे खिलाड़ियों के सिलेक्शन में अपनी भूमिका को याद करते हुए कहा कि यह जीत उनके लंबे समय से देखे गए सपने की पूर्ति है। यूजर्स ने तंज कसे माल्या की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। कई यूजर्स ने उन्हें 'घर आजा परदेसी 'जैसे तंज कसते हुए भारत लौटने को कहा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में थाईलैंड के खिलाफ करेंगी अपने अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप 2025 में पांच सितंबर को थाईलैंड की टीम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम को पूल बी में, मौजूदा एशिया कप चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ हैं। जबकि पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे शामिल हैं। महिला एशिया कप को लेकर भारतीय टीम कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ह्हम महिला एशिया कप में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। गत चैंपियन जापान के साथ पूल बी में रखा जाना शुरू से ही हमारे कौशल और चरित्र का परीक्षण करेगा। पूल चरण में स्वयं को परखने का एक शानदार अवसर होगा। हमारा ध्यान स्मार्ट, अनुशासित हॉकी खेलने पर ध्यान केंद्रित करना और अंतिम लक्ष्य ट्रॉफी उठाना है। एशिया कप 2025 पूल बी मैचों के लिए भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है:- भारत का पहला मुकाबला पांच सितंबर को थाईलैंड से, छह सितंबर को जापान, और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।

# दिल-आत्मा बैंगलुरु के साथ अब चैन से सो पाऊंगा: विराट

**कप्तान पाटीदार बोले: ई साला कप नमदू, क्रुणाल पांड्या की बॉलिंग टर्निंग पाइंट रही: श्रेयस अय्यर**

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना पहला टाइटल जीतने के बाद आरसीबी के कप्तान ने फैंस के लिए कन्नड़ भाषा में 'ई साला कप नमदू' कहा, यानी इस साल कप हमारा हो गया। वहीं विराट कोहली ने कहा, दिल, आत्मा बैंगलोर के साथ हैं, अब मैं चैन से सो पाऊंगा। ट्रॉफी जीतने के बाद आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, यह पल मेरे, विराट और सभी फैंस के लिए बहुत खास है। इतने सालों से जो सपोर्ट कर रहे हैं, वे सभी इस जीत के हकदार हैं। क्वालिफायर के बाद हमें यकीन हो गया था कि हम ट्रॉफी जीत सकते हैं। इस पिच पर 190 का स्कोर अच्छा था, क्योंकि पिच थोड़ी धीमी थी। गेंदबाजों ने जो प्लान बनाया था, उसे देखना शानदार रहा। क्रुणाल विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जब भी विकेट चाहिए होता है, मैं उन्हीं की तरफ देखता हूं। सुयश और हमारे पेसर्स पूरे सीजन अच्छे रहे। शेफर्ड ने आज एक अहम विकेट लिया। मेरे लिए कप्तानी करना बड़ा मौका और सीखने का अनुभव रहा, और विराट भाई इसे (ट्रॉफी) ज्यादा डिजर्व करते हैं। मैं सभी फैंस से बस एक बात कहना चाहता हूं, 'ई साला कप नमदू 'त (इस साल कप हमारा हुआ)। जीत के बाद विराट कोहली ने कहा कि मैंने अपनी जवानी इस टीम को दी, यह जीत जितनी हमारी टीम के लिए है, उतनी ही हमारे फैंस के लिए भी है। पूरे 18 साल हो गए हैं। मैंने अपनी जवानी, अपना बेस्ट समय और अनुभव इस टीम को दे दिया। हर साल जीतने की कोशिश की, अपना सबकुछ झोंक दिया। अब जाकर ये ट्रॉफी मिली, यह एहसास शब्दों से परे है। मुझे नहीं लगा था कि ये दिन कभी आएगा। आखिरी गेंद के बाद मैं भावनाओं में बह गया। मैंने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और आज जो महसूस हो रहा है, वह कमाल का है। एबी डिविलियर्स ने जो काम इस फ्रेंचाइजी के लिए किया है, वो बेमिसाल है। मैंने उनसे भी कहा, श्ये जीत जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। आकर हमारे साथ जश्न मनाओ। रिटायर होने के 4 साल बाद भी वे टीम के लिए सबसे ज्यादा 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनने वाले प्लेयर हैं।

## शतरंज में हिकारू ने डी गुकेश को हराया

**स्टवान्गर, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए। इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11-5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12-5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगैसी 10-5 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने सरसादत खादेमालशारीह के खिलाफ जीत दर्ज कर पूरे तीन अंक हासिल किए। वहीं शाली ने जू वेनजुन को हराकर महिला विश्व चैंपियन पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

## निहाल, संजीव व शिवराज की टीम को रजत

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीएस) 2025 के पांचवें दिन बुधवार को निहाल सिंह, संजीव गिरी और शिवराज सांखला की टीम ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यहां हुई 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में निहाल सिंह, संजीव गिरी और शिवराज सांखला की टीम ने रजत पदक जीता। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत ने छह स्वर्ण, आठ रजत और दो कांस्य सहित कुल 16 पदक अपने नाम कर लिए है।

# अल्काराज फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

**● अमेरिकी खिलाड़ी पाल का सीधे सेटों में हराया, स्वियातेक-सबालेंका भी जीतीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन ने क्वार्टर फाइनल में 12वीं सीड अमेरिकी खिलाड़ी टामी पाल को केवल 94 मिनट में हराया। वहीं, इटली के लोरेंजो मुसेटी भी अंतिम-4 में पहुंच गए हैं। विमेंस सिंगल्स की मौजूदा चैंपियन पोलैंड की टेनिस स्टार इगा स्वियातेक और वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल में मुसेटी से भिड़ेंगे अल्काराज अल्काराज लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। अल्काराज ने टामी पाल को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने 6-0, 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने फ्रांसेस टियाफो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। यह मुकाबला शुक्रवार, 6 जून को खेला जाएगा।



मैच के बाद अल्काराज ने दर्शकों से मजाकिया अंदाज में इसलिए माफी मांगी क्योंकि मैच जल्दी खत्म हो गया था। अल्काराज ने टामी पाल (हाथ में रैकेट लिए) को सीधे सेटों में हराया। मुसेटी के मैच के दौरान विवाद इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मुसेटी ने पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। हालांकि, मैच के दौरान एक विवाद हो गया। मुसेटी ने दूसरे सेट में हार के बाद गेंद को लात मार दी, जो एक महिला लाइन जज के सीने पर जा लगी। इस पर उन्हें श्अनस्पोर्ट्समैनलाइक कंडक्टश के लिए चेतावनी दी गई। मुसेटी ने तुरंत माफी मांगी और कहा यह एक दुर्भाग्यपूर्ण था। मुसेटी (बाएं) ने क्वार्टर फाइनल में ने टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया पोलैंड की स्टार इगा ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

# इंग्लैंड ने वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का किया सफाया

**इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे मैच में 7 विकेट से जीत दर्ज की**

**इंग्लैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जेमी स्मिथ (64), बेन डकेट (58), जो रूट (44) और जॉश बटलर (नाबाद 41) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डीएलएस पद्धति से 62 गेंदें शेष रहते सात विकेट से विकेट से हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला भी 3-0 से अपने नाम कर ली है। केनिंगटन ओवल स्टेडियम में मंगलवार देर रात खेले गये मुक. ाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज ने शरफेर्न (70), गुडाकेश मोती (63) की अर्धशतकीय पारियों और अल्जारी जोसेफ (41), केसी कार्टी (29), ब्रैंडन किंग (16) और जस्टिन ग्रीव्स (12) रनों के योगदान से 40 ओव. रों में नौ विकेट पर 251 रनों का स्कोर खड़ा किया। मैच दो बार प्रभावित हुआ। यातायात जाम की समस्या के कारण वेस्टइंडीज की टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश के कारण 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने तीन विकेट लिये। साकिब महमूद, ब्राइडन कार्स और मैथ्यू पॉट्स को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में गुडाकेश ने जेमी स्मिथ 28 गेंदों में (64) रन को बोल्ड कर विंडीज को पहली सफलता दिलाई।

# जनगणना का बिगुल

16 साल बाद ही सही अब सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना 2027 कराने का फैसला ले लिया है। इसकी अधिसूचना 16 जून को जारी की जाएगी। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी, जैसाकि परंपरा है कि हर दस साल बाद जनगणना की जाती है। इस तरह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना के चलते तब यह नहीं हो सकी थी। हालांकि सरकार ने इसकी तैयारी पूरी कर ली थी। इस बीच सरकार पर विपक्ष की ओर से जातीय जनगणना कराने का दबाव भी पड़ता रहा। हालांकि पहले तो केंद्र सरकार का रवैया इस पर टाल-मटौल वाला ही रहा, लेकिन एकाएक पिछले दिनों सरकार जातीय जनगणना कराने को तैयार हो गई। विपक्ष इस बात को लेकर भी सरकार पर दबाव डाल रहा था कि वह यह बताए कि इस पर काम कब शुरू होगा या यह भी महिला आरक्षण की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। अब बुधवार को सरकार की तरफ से साफ कर दिया गया कि राष्ट्रीय जातीय जनगणना 2027 दो चरणों में होगी। एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 2027 के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 रखी जाएगी। पहाड़ी क्षेत्र के राज्य जैसे केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ के लिए अक्टूबर 2026 की प्रथम तिथि रखी गई है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 से शुरू होने की संभावना है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि सरकार जाती जनगणना को लेकर एक तीर से दो शिकार कर रही है। एक तो वह अपने विरोधी दलों के हाथों से यह मुद्दा छीन रही है, दूसरी तरफ वह चुनाव में इस मुद्दे का पूरी तरह दोहन करना चाहती है, क्योंकि संभवत: 2027 में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चुनाव होने हैं। अब यह तो जनता ही बताएगी कि उसका रुख चुनाव के समय किस तरह का रहता है, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि जातीय जनगणना विपक्ष के लिए एक बड़ा मुद्दा रहा है और वह इस मुद्दे के सहारे अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने का काम करता रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित तमाम उनके बड़े नेता जब-तब जातीय जनगणना के मुद्दे को उछालते रहे हैं, हालांकि वह कह सकते हैं कि उनके दबाव के चलते ही सरकार ने जातीय जनगणना को स्वीकार किया है, तो भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि विपक्ष के इस मुद्दे की धार पहले जैसी नहीं रहेगी। समय के साथ कुंद पड़ेगी और भाजपा के पास जैसा सशक्त दल इस समय मौजूद है, उससे साफ है कि इससे विपक्ष बैकफुट पर आ सकता है। 2027 में जनगणना कराने के फैसले को भी इसी रूप में देखा जा रहा है कि सरकार इस मुद्दे की धार को कुंद करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। वैसे देखा जाए तो जनगणना एक सामान्य प्रक्रिया है और इसके पीछे सरकार का मकसद होता है कि वह वास्तविक आंकड़ों के बलबूते जनहित की योजनाएं बनाए, जिससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे। इसलिए यह हर दस साल बाद कराई जाती है, लेकिन यह पहली बार होगा जब राष्ट्रीय जनगणना को जाति से जोड़ा गया और इसका राजनीतिकरण हो रहा है।

## पाक का मुस्लिम देश होने का दावा झूठा



पड़ोसी मुल्क कई वर्षों से भारत में आतंकवाद फैला रहा है, हम चार देशों के दौरे पर गए थे, वहां हमने भारत का प्रतिनिधित्व किया, ये सभी देश इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य हैं, और इनमें से तीन देश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के भी सदस्य हैं, प्रतिनिधिमंडल ने इन को बताया कि पाक कई वर्षों से भारत में आतंकवाद फैला रहा है, हमने उन्हें याद दिलाया कि पाकिस्तान मुस्लिम देश होने का झूठा दावा करता है, मैंने उन्हें कई जगहों पर याद दिलाया कि भारत में 24 करोड़ मुसलमान रहते हैं, इसलिए पाकिस्तान का यह तर्क पूरी तरह से गलत है, जिस संगठन प्रतिरोध मोर्चा ने यह हमला किया, वह कोई नया संगठन नहीं है, जो 22 अप्रैल को बना हो, असल में यह पहले से मौजूद लश्कर-ए-तैयबा का नया नाम है।

**-असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख**

# पर्यावरण प्रदूषण मानवता के लिए चुनौती

**विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ी वैश्विक समस्या है। पिछले तीन दशकों से महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से ही जुड़ी है। मानवीय क्रियाकलापों के कारण प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, मानव द्वारा प्रकृति का बेदर्दी से दोहन इत्यादि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे हम अब लगातार अनुभव कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 5 जून को पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था।

पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के उचित दोहन को लेकर हालांकि यूरोप, अमेरिका तथा अफ्रीकी देशों में 1910 के दशक से ही समझौतों की शुरुआत हो गई थी किन्तु बीते कुछ दशकों में दुनिया के कई देशों ने इसे लेकर क्योटो प्रोटोकाल, मांट्रियल प्रोटोकाल, रियो सम्मलेन जैसे कई बहुराष्ट्रीय समझौते किए हैं। अधिकांश देशों की सरकारें पर्यावरण को लेकर चिंतित तो दिखती हैं लेकिन पर्यावरण की चिंता के बीच कुछ देश अपने हितों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की नीतियों में बदलाव करते रहे हैं। प्रदूषित वातावरण का खामियाजा केवल मनुष्यों को ही नहीं बल्कि धरती पर विद्यमान प्रत्येक प्राणी को भुगतना पड़ता है। बड़े पैमाने पर प्रकृति से खिलवाड़ के ही कारण दुनिया के विशालकाय जंगल हर साल सुलगने लगे हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को खरबों रुपये का नुकसान होने के अलावा दुर्लभ जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियां भी भीषण आग में जलकर राख हो जाती हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसने बता दिया था कि अगर हम चाहें तो पर्यावरण की स्थिति में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाए जाते।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में निरन्तर हो रही बढ़ोतरी और मौसम का लगातार बिगड़ता मिजाज गहन चिंता का विषय बना है। जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। अपनी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि धरती में रह-रहकर जो उथल-पुथल की प्राकृतिक घटनाएं घट रही हैं, उनके पीछे छिपे संकेतों और प्रकृति की मूक भाषा को समझना कितना जरूरी है। आधुनिकरण और औद्योगिकीकरण की दौड़ में हमने हर पल प्रकृति की नैतिक सीमाओं का उल्लंघन किया है और ये सब प्रकृति के साथ इंसान की ज्यादतियों का ही नतीजा हैं, जिसके भयावह परिणाम हमारे सामने हैं। मानवीय क्रियाकलापों के कारण ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि हमें सांस के जरिए असाध्य बीमारियों की सौगात मिल रही है। सीवरेज की गंदगी स्वच्छ जल स्रोतों में छोड़ने की बात हो या औद्योगिक इकाईयों का अम्लीय कचरा नदियों में बहाने की अथवा सड़कों पर रेंगती वाहनों की लंबी-लंबी कतारों से वायुमंडल में घुलते जहर की या फिर सख्त अदालती निर्देशों के बावजूद खेतों में जलती पराली से हवा में घुलते हजारों-लाखों टन धुएं की, हमारी आंखें तब तक नहीं खुलती, जब तक प्रकृति का बड़ा कहर हम पर नहीं टूट पड़ता। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया गया है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है कि यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है लेकिन हम हर बार प्रकृति का प्रचण्ड रूप देखने के बावजूद प्रकृति की इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर खुद अपने विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं। यदि दुनियाभर में पर्यावरण प्रदूषण की विकराल होती वैश्विक समस्या को देखें तो स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे शायद हम कुछ करना ही नहीं चाहते। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक' में बताया गया है कि पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के कारण दुनियाभर में लोग तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे




प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं?

**पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया गया है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है कि यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है लेकिन हम हर बार प्रकृति का प्रचण्ड रूप देखने के बावजूद प्रकृति की इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर खुद अपने विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अवांछित तत्वों के कारण असुरक्षित होता यातायात

**अवांछित लोगों से व इनकी हरकतों से सभी वाकिफ हैं परन्तु न ही इन्हें कोई नियंत्रित करने वाला है न ही किसी को यात्रियों की सुरक्षा व मान सम्मान की चिंता है। यही वजह है कि इनकी न केवल संख्या बढ़ती जा रही है बल्कि इनके हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं। सरकार की ओर से देश की छवि चमकाने की तरह तरह की बातें की जाती हैं। कभी विश्व गुरु बनने का डंका पीटा जाता है तो कभी अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का दावा करने वाली इसी सरकार द्वारा ही भारत के विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की बातें की जाती हैं परन्तु हकीकत तो यही है कि आज भी इस देश में आम यात्री ट्रेन व बसों में सुरक्षित नहीं है। वह बेफिक्र होकर अपनी यात्रा नहीं कर सकता।**



**निर्मल रानी**

हमारे देश में रेलगाड़ियों व बसों को आम यात्रियों के मुख्य यातायात के साधन के रूप में देखा जाता है। देश के अधिकांश यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए प्राय: इन्हीं साधनों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार जहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए समय समय पर नई, आधुनिक व तीव्र गामी रेलगाड़ियां संचालित करती रहती है वहीं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी जनता की सुविधा के लिए बसों के नए बेड़े शामिल करने की खबरें आती रहती हैं, परन्तु यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाने की इन कोशिशों के बीच सरकार का ध्यान शायद यात्रियों व उनके सामानों की सुरक्षा पर नहीं पहुंच पाता। यह त्रासदी भी केवल सामान्य, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स व सामान्य बसों की ही है, जबकि वनदे भारत व शताब्दी जैसी रेलगाड़ियां व वाल्वो सेवा जैसी अन्य महंगी बस सेवाओं में बेशक यात्रियों की सुरक्षा काफी हद तक बनी रहती है। अधिक किराया वसूलने वाले यातायात के इन माध्यमों में अवांछित लोगों को घुसने ही नहीं दिया जाता, जबकि ठीक इसके विपरीत सामान्य व मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में व सरकारी व गैर सरकारी निजी बसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप में घुस सकता है और वह अपनी मर्जी के मुताबिक यात्रियों की चिंताओं को बढ़ा सकता है या उन्हें परेशानी में डाल सकता है। यदि हम ट्रेन की बात करें तो भीख मांगने वालों से लेकर भगवा वस्त्र धारण किए लाखों लोग रोजाना बिना टिकट के ट्रेन्स में यात्रा करते हैं। गोया इन्होंने भगवा वस्त्र को ट्रेन यात्रा का फ्री पास समझ रखा है। यह केवल यात्रा ही नहीं करते बल्कि टिकटधारी यात्रियों के लिए बड़ी सिरदर्दी का कारक भी बनते हैं। चलती ट्रेन में गेट पर बैठे रहना तो गोया इनकी आदत में शामिल है ही, इसके अलावा ट्रेन में बीड़ी सिगरेट यहां तक कि शराब भी पीते हैं, वाशरूम में गंदगी फैलाते हैं। कोई इन्हें रोकने टोकने वाला नहीं। यदि कोई यात्री इनकी हरकतों पर इन्हें टोके तो यह अवांछित यात्री उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाते हैं। इसी तरह भिखारी, हिजड़े, अनिधकृत वेंडर्स आदि सभी को मुफ्त रेल यात्रा की खुली छूट मिली हुई है। कोई कान फोड़ू गीत संगीत सुनाकर पैसे वसूलता है तो कोई हिजड़ा मुंह पर तालियां ठोक कर पैसे मांगता है। पैसे न देने पर तो यह किसी किसी यात्रियों को थप्पड़ भी जड़ देते हैं। यदि आप यूपी और बिहार की ओर ट्रेन यात्रा करें तो इस रूट पर भी अनेक महिलाएं व हिजड़े पैसे मांगते नजर आ जाएंगे। ट्रेन में कोई व्यक्ति किसी जवान लड़की को साथ लेकर उस लड़की के ब्याह के लिए कन्यादान के रूप में पैसे वसूलने को अपना धंधा बनाए हुए है तो कोई नकली अंधा व अपाहिज बनकर पैसे मांगता फिरता है तो कोई झाड़ू लेकर सफाई करने के बहाने यात्रियों से पैसे मांगता है। इन्हीं अवांछित तत्वों में से कोई भी नजर बचते ही किसी यात्री का सामान लेकर चंपत हो जाता है। तो कोई किसी यात्री को जहरखुरानी का शिकार बनाकर उसका सामान भी लूट ले जाता है और उसकी जेबें भी खाली कर जाता है। इसतरह के अवांछित नेटवर्क से जुड़े अधिकांश लोग नशे के आदी होते हैं और यात्रियों से पैसे लूट या वसूलकर जुआ व नशे जैसे व्यसन करते हैं। देश के अनेक बड़े व माध्यम श्रेणी के रेल स्टेशंस पर इन्हें सक्रिय देखा जा सकता है। परन्तु आष्चर्य है कि आम लोगों को तो यह सब नजर आता है परन्तु सरकार व रेल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित अमले को यह सब दिखाई नहीं देता ? हद तो यह है कि टिकट निरीक्षक जोकि आम इज्जतदार यात्रियों के पास किसी कारणवश टिकट न होने या उपयुक्त टिकट न होने पर उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाता है या उसपर जुर्माना ठोक देता है अथवा ट्रेन से नीचे उतरने हेतु उसे बाध्य कर देता है उस टिकट निरीक्षक को भी बेटिकट यात्रा करने व यात्रियों की सुरक्षा हेतु खतरा बनने वाले ऐसे संदिग्ध व अवांछित तत्व नजर नहीं आते? इसी तरह बसों में भी जहां कुछ मेहनतकश लोग पानी, ठंडा, नारियल, कंघी आदि दैनिक उपभोग या खाने पीने की अनेक सामग्रियां बेचकर अपना पेट पालते हैं वहीं इसमें भी कई भिखारी यात्रियों के सर पर कहीं डफली बजाकर पैसे वसूलता है तो कहीं कोई हिजड़ा बसों में घुसकर मुफ्त यात्रा करते करते लोगों से तालियां बजा बजाकर पैसे मांगता है। यदि आप चंडीगढ़ रूट पर बसों में यात्रा करें तो यह .श्य आपको अनेक सरकारी व निजी बसों में देखने को मिलेगा। आश्चर्य है कि ड्राइवर कंडक्टर भी इन्हें नीचे नहीं उतारते। धप्पर टोल पर तो कभी कभी हिजड़ों का पूरा झुण्ड सभी लेन्स पर डटकर खड़ा हो जाता है और बसों ही नहीं बल्कि कारों के भी शीशे पीट पीटकर शीशा खोलने को विवश करता है और पैसे वसूलता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की विशाल जनसंख्या कैसे बने वरदान



**रजनीश कपूर**

1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश भारत को दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश माना जाता है। यह जनसंख्या, विशेष रूप से इसकी युवा शक्ति, देश के लिए एक अभूतपूर्व अवसर प्रस्तुत करती है, जिसे जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) के रूप में जाना जाता है। लेकिन यह लाभांश तभी प्राप्त किया जा सकता है जब इसे सही नीतियों, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सृजन के माध्यम से उपयोग किया जाए। यदि इसका प्रबंधन ठीक नहीं किया गया, तो यह विशाल जनसंख्या अभिशाप बन सकती है। जिससे बेरोजगारी, गरीबी और सामाजिक अस्थिरता बढ़ सकती है। जनसांख्यिकीय लाभांश उस आर्थिक विकास की संभावना को दर्शाता है जो तब उत्पन्न होती है जब किसी देश की कार्यशील आयु (15-64 वर्ष) की जनसंख्या, गैर-कार्यशील आयु (14 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक) की जनसंख्या से अधिक होती है। भारत में, 2020 तक औसत आयु केवल 28 वर्ष थी, जो इसे विश्व के सबसे युवा देशों में से एक बनाती है। इसके विपरीत, चीन और विकसित देशों जैसे जापान, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप में औसत आयु क्रमश: 37, 45 और 49 वर्ष है। भारत की यह युवा शक्ति अगले कुछ दशकों तक देश की आर्थिक प्रगति को बढ़ावा दे सकती है, बशर्ते इसे सही दिशा में उपयोग किया जाए। चीन ने 1980 और 1990 के दशक में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश को प्रभावी ढंग से उपयोग करके आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर कदम रखा। 1981 में, चीन ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए एक बच्चा नीति लागू की। इससे जनसंख्या वृद्धि की दर कम हुई और कार्यशील आयु की जनसंख्या का अनुपात बढ़ा। हालांकि, इस नीति के दीर्घकालिक प्रभाव, जैसे कि वृद्ध जनसंख्या और लैंगिक असंतुलन, अब चुनौतियां बन गए हैं। चीन ने अपनी युवा जनसंख्या को शिक्षित और कुशल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया। आज, चीन की साक्षरता दर 97 प्रतिशत है, जबकि भारत की 75 प्रतिशत है। तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पर ध्यान देने से चीन ने अपने कार्यबल को वैश्विक मांगों के लिए तैयार किया।चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को कृषि से औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की ओर स्थानांतरित किया। बड़े पैमाने पर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और शहरीकरण ने लाखों लोगों को रोजगार प्रदान किया। यह भारत के लिए एक सबक है, जहां विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार वास्तव में घट रहा है। चीन ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी स्थिति को मजबूत किया और सस्ते श्रम के साथ उच्च उत्पादन क्षमता का लाभ उठाया। इससे न केवल आर्थिक विकास हुआ, बल्कि वैश्विक बाजारों में चीन की हिस्सेदारी भी बढ़ी।चीन ने सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और अन्य बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया, जिसने औद्योगिक विकास को समर्थन दिया और विदेशी निवेश को आकर्षित किया। भारत की तुलना में, जहां बुनियादी ढांचा अभी भी अपर्याप्त है, चीन का दृष्टिकोण अधिक प्रभावी रहा।

भारत की विशाल और युवा जनसंख्या कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जो इसे अभिशाप बनने की ओर ले जा सकती हैं। हर साल लगभग 12 मिलियन युवा भारतीय कार्यबल में शामिल होते हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था केवल 7 मिलियन नौकरियां पैदा कर पाती है। इससे बेरोजगारी और अल्परोजगार की समस्या बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, मुंबई में हाल ही में 8,000 पुलिस पदों के लिए 650,000 आवेदन आए, जो नौकरी की कमी को दर्शाता है। भारत में 95 प्रतिशत इंजीनियरिंग स्नातक सॉफ्टवेयर विकास जैसे ज्ञान-आधारित रोजगार के लिए अनुपयुक्त हैं। इसके अलावा, तीन-चौथाई से अधिक स्नातकों को बुनियादी अंग्रेजी बोलने में कठिनाई होती है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक बड़ी बाधा है।भारत सरकार शिक्षा पर अपने जीडीपी का केवल 3 प्रतिशत और स्वास्थ्य पर 1.2 प्रतिशत खर्च करती है, जो चीन (5.5 प्रतिशत) और ब्राजील (9 प्रतिशत) जैसे देशों से काफी कम है। इससे मानव पूंजी का विकास बाधित होता है। भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर उपलब्ध है। केरल की जनसंख्या पहले से ही वृद्ध हो रही है, जबकि बिहार में कार्यशील आयु की जनसंख्या 2051 तक बढ़ती रहेगी। भारत को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में निवेश बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम जैसी पहल को और मजबूत करना होगा। उद्योग-अकादमिक सहयोग से आधुनिक नौकरियों की मांग के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा सकती है। भारत को विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना होगा, जैसा कि चीन और पूर्वी एशियाई देशों ने किया। श्रम-गहन



विनिर्माण को बढ़ावा देने से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे। इसके लिए नीतिगत सुधार और व्यापार करने में आसानी पर ध्यान देना होगा।भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी दर हाल के वर्षों में घटी है। लचीली नीतियां, जैसे कि ऑनलाइन प्रशिक्षण और घर से काम करने की सुविधा, महिलाओं को कार्यबल में शामिल करने में मदद कर सकती हैं। समान वेतन और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। भारत को सड़कों, रेलवे, और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। इससे न केवल रोजगार सृजन होगा, बल्कि विदेशी निवेश भी आकर्षित होगा। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उत्पादक कार्यबल को सुनिश्चित करती हैं। भारत को सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाना होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों की पहुंच में सुधार करना होगा। हालांकि भारत में प्रजनन दर घट रही है, फिर भी परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।

शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अवांछित प्रजनन को कम किया जा सकता है।यदि भारत इन क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करता है, तो उसकी जनसंख्या निश्चित रूप से एक वरदान बनेगी, न कि अभिशाप। भारत की विशाल और युवा जनसंख्या एक ऐसी संपत्ति है जो इसे वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बना सकती है। समय की मांग है कि भारत अपनी जनसांख्यिकीय शक्ति को पहचाने और इसे आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए उपयोग करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मीडिया के सामने शर्मिंदा हुए बिलावल



**नई दिल्ली/ न्यूयार्क।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री एवं पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो को न्यूयार्क में पत्रकारों के आगे यह कहने पर शर्मिंदा होना पड़ा कि भारत आतंकवाद को राजनीतिक हथियार बना कर मुसलमानों को बदनाम साबित करने में लगा है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस में भुट्टो के आरोपों पर प्रश्न उठाते हुए एक विदेशी पत्रकार ने 'आपरेशन सिंदूर' के बारे में प्रेस ब्रीफिंग की कमान मुस्लिम महिला सैन्य अधिकारी को दिये जाने का उल्लेख किया।

इस प्रेस कांफ्रेंस के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भुट्टो को उस पत्रकार के इस प्रकार के अप्रत्याशित हस्तक्षेप पर असमंजस में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। संयक्त राष्ट्र मुख्यालय पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भुट्टो ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप आतंकवाद को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, इसे भारत में मुसलमानों को शैतान साबित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, इसे कब्जे वाले कश्मीर में मुसलमानों को शैतान बाने के हथियार के रूप में प्रयोग करना चाहते हैं, तो आप आतंकवाद का सामना नहीं कर सकते, आतंकवाद का मुकाबला

**भारत पर मुसलमानों को बदनाम करने का आरोप लगाने पर विदेशी पत्रकार ने उठाए सवाल**

नहीं कर सके। भुट्टो के इस वक्तव्य पर उस विदेशी पत्रकार ने उनके मंतव्य को दोहराते हुए उस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि मैंने (आपरेशन सिंदूर के दौरान) दोनों तरफ से की गई मीडिया ब्रीफिंग को लगातार देखता रहा था, भारत की ओर से सैन्य अभियान की बीफिंग का नेतृत्व भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी कर रहे थे। इस पत्रकार की टिप्पणी पर पाकिस्तानी विदेशी मंत्री असहज हो गए और झटके में बस इतना ही कह सके कि आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। उल्लेखनीय है आपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली टीम में भारतीय थल सेना का नेतृत्व कर्नल सोफिया कुरैशी ने बड़े ही प्रभावी तरीके से किया किया था।

# ट्रम्प से अलग होते ही फूटा मस्क का गुस्सा

## फंडिंग बिल को बेतुका और फिजूलखर्ची बताया




**वाशिंगटन।** टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए फंडिंग बिल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसे घिनौना और शर्मनाक बताया है। मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मैं अब और सहन नहीं कर सकता। यह बिल बहुत बड़ा, बेतुका और फिजूल खर्चों से भरा है। जिन लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया, उन्हें शर्म आनी चाहिए। मस्क ने कहा कि इस बिल से अमेरिका का बजट घाटा 2.5 ट्रिलियन डालर तक बढ़ जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस (संसद) देश को दिवालिया बना रही है। एक दूसरे पोस्ट में मस्क ने कहा कि अगले साल नवंबर में हम उन सभी राजनेताओं को हटाएंगे, जिन्होंने जनता को धोखा दिया है। व्हाइट हाउस के कई अधिकारी मस्क की इतनी तेज आलोचना से हैरान हैं। हालांकि उन्हें मस्क की राय पता थी, लेकिन उन्होंने इतनी सख्त सार्वजनिक प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं की थी। इस बिल का नाम वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट है। यह ट्रम्प के 2017 के टैक्स कट्स को आगे बढ़ाता है। इसके अलावा सेना और बार्डर सुरक्षा पर खर्च बढ़ाता है। इसके बदले गरीबों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं, फूड सपोर्ट और अन्य योजनाओं में कटौती की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, यह बिल अगले 10 साल में अमे. रिका के कर्ज में करीब 3.8 ट्रिलियन डालर का इजाफा करेगा। अभी अमे. रिका पर कुल 36.2 ट्रिलियन डालर का कर्ज है। बिग ब्यूटीफुल बिलश के 5 पाइंट्स, जिससे मस्क नाराज-इनकम टैक्स और एस्टेट टैक्स में 2017 में की गई कटौती को स्थाई बनाना, टैक्स कटौती को बढ़ाने का भी प्रस्ताव। ओवरटाइम और सोशल सिक्योरिटी इनकम पर टैक्स कटौती का प्रस्ताव। व्हाइट हाउस का कहना है कि सालाना 30 से 80 हजार डालर की कमाई वालों को अगले साल 15 प्रतिशत कम टैक्स देना होगा। अवैध इमिग्रेशन रोकने के लिए बार्डर सिक्योरिटी और अमे. रिकी सेना को मजबूत करने पर ज्यादा खर्च करना। सरकार में फिजूलखर्ची, धोखाधड़ी और दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े इंतजाम। डेब्ट सीलिंग यानी सरकार कितना कर्ज ले सकती है, उसकी सीमा बढ़ाना। ये सीमा समय-समय पर बढ़ानी पड़ती है ताकि सरकार अपने बिल और खर्चे चुका सके। ट्रम्प ने इस बिल की तारीफ करते हुए कहा कि यह अविश्वसनीय है और बजट घाटा कम करता है। उन्होंने संकेत दिया कि वो और बड़े टैक्स कट्स चाहते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने कहा कि राष्ट्रपति को मस्क की राय पहले से पता है और वे बिल को सही मानते हैं।

लीविट ने कहा, मस्क की बातों से ट्रम्प की राय पर कोई असर नहीं पड़ा है। यह एक बड़ा, सुंदर बिल है और राष्ट्रपति अपने फैसले पर कायम हैं। एलन मस्क ने 29 मई को ट्रम्प प्रशासन का साथ छोड़ दिया था। वह डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) में सलाहकार की भूमिका में थे। उन्होंने अपना कार्यकाल खत्म होने से एक दिन पहले इस बिल को लेकर नारा. जगी जताते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने कहा था कि डीओजीई का मकसद खर्चों में कटौती करना है और यह बिल उसके खिलाफ है। यह विवाद ऐसे समय पर हुआ है, जब सीनेट में इस बिल पर बहस चल रही है और ट्रम्प खुद सीनेटरों को इसके समर्थन के लिए मना रहे हैं।

# अमेरिका में स्टील और एल्यूमीनियम पर 50% टैरिफ लागू



**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इससे जुड़े आदेश पर साइन कर दिए हैं। हालांकि उन्होंने इस टैरिफ से ब्रिटेन को बाहर रखा है। उस पर पहले की तरह 25 प्रतिशत टैरिफ ही लागू होगा, क्योंकि अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पहले से ट्रेड समझौते पर बातचीत जारी है। ट्रम्प ने 30 मई को स्टील और एल्यूमीनियम इंपोर्ट पर मौजूदा टैरिफ को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने घोषणा की थी।

उन्होंने इसके लिए यूएस ट्रेड एक्सपेंशन एक्ट 1962 की धारा 232 के तहत नेशनल सिक्योरिटी चिंताओं का हवाला दिया था। अगर किसी तरह के आयात से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा होता है, तो इस कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को व्यापार पर पाबंदियां लगाने का अधिकार होता है।

इससे पहले ट्रम्प ने फरवरी में स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प के स्टील और एल्यूमीनियम इंपोर्ट पर टैरिफ में अपकमिंग बढ़ोतरी से 4.56 बिलियन डालर यानी 39 हजार करोड़ रुपये के भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर असर पड़ने की संभावना है। ग्लोबल ट्रेड

**ट्रम्प ने आदेश पर साइन किए, भारत के 39 हजार करोड़ के निर्यात पर असर**

रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने एक नई एनालिसिस रिपोर्ट में यह बात कही है। अमेरिकी बाजार में इंडियन मैन्युफैक्चरर्स और एक्सपोर्टर्स के लिए प्रोडक्ट कास्ट बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उनकी काम्पिटेटिवनेस पर असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत पर टैरिफ में बढ़ोतरी का डायरेक्ट असर होगा। वित्त वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 4.56 बिलियन डालर की वैल्यू का लोहा, स्टील और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट किया है। अमेरिका, भारत के मेटल सेक्टर के लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है।

# ओवैसी ने खाड़ी देशों के सामने ही खोल दी पाक की पोल पट्टी



**मैने उन्हें कई जगहों पर याद दिलाया कि भारत में 24 करोड़ मुसलमान रहते है**

**हैदराबाद।** विदेश गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गल्फ देशों के सामने पड़ोसी पाकिस्तान को बेनकाब किया। चार देशों के दौरे पर गए ओवैसी ने गल्फ देशों को बताया कि पड़ोसी मुल्क कई वर्षों से भारत में आतंकवाद फैला रहा है। अपने संबोधन में ओवैसी ने पहलगाम आतंकी हमले से पहले 15 अप्रैल को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की ओर से दिए गए भड़काऊ भाषण का भी जिक्र किया।

एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने बुधवार को कहा कि हम चार देशों के दौरे पर गए थे। वहां हमने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि ये सभी देश इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य हैं, और इनमें से तीन देश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के भी सदस्य हैं। ओवैसी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने इन देशों के साथ बातचीत की और उन्हें बताया कि पाकिस्तान कई वर्षों से भारत में आतंकवाद फैला रहा है। ओवैसी ने बताया कि इस दौरान पहलगाम हमले पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्हें बताया कि जिस संगठन 'प्रतिरोध मोर्चा' ने यह हमला किया, वह कोई नया संगठन नहीं है, जो 22 अप्रैल को बना हो। असल में यह पहले से मौजूद लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की नया नाम है। भारत पहले ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1262 में यह बात कह चुका है। ओवैसी ने आगे कहा कि ये सभी देश आतंकवाद को लेकर चिंतित थे। उन्होंने पाकिस्तान के मुस्लिम देश होने के दावे की भी पोल खोली। ओवैसी ने कहा, शहमने उन्हें याद दिलाया कि पाकिस्तान मुस्लिम देश होने का झूठा दावा करता है। मैंने उन्हें कई जगहों पर याद दिलाया कि भारत में 24 करोड़ मुसलमान रहते हैं, इसलिए पाकिस्तान का यह तर्क पूरी तरह से गलत है।

# आज से शरू होगी हज यात्रा

**रियाद।** सऊदी अरब में आज से हज यात्रा शुरू होगी। इसके लिए रविवार तक 14 लाख रजिस्टर्ड तीर्थयात्री मक्का पहुंच चुके हैं, जबकि लाखों लोगों का आना बाकी है। यह यात्रा इस्लामी कैलेंडर के 12वें महीने जिल-हिज्जा की 8वीं से 12वीं तारीख (2025 में 4-9 जून) के बीच होती है। हज मुसलमानों का एक आध्यात्मिक और अनिवार्य धार्मिक कर्तव्य है। हर वो मुस्लिम जो शारीरिक, आर्थिक और मानसिक तौर पर सक्षम और स्वस्थ है, उसके लिए अपने जीवन में कम से कम एक बार हज करना अनिवार्य है। हज इस्लाम धर्म के पांच मूल स्तंभों में से एक है। हर साल दुनिया भर से लगभग 25 लाख मुस्लिम इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस साल भारत से लगभग 1.75 लाख लोग मक्का पहुंचेंगे। हज के दौरान मुस्लिम काबा (बैतुल्लाह) की परिक्रमा करते हैं और अल्लाह की इबादत में समय बिताते हैं। हज मुस्लिमों के लिए पापों से मुक्ति, आध्यात्मिक शुद्धि और अल्लाह के करीब आने का मौका है। हज की शुरुआत पैगंबर इब्राहिम के समय से मानी जाती है। माना जाता है कि इब्रा. हिम और उनके बेटे इस्माइल ने अल्लाह के आदेश पर काबा का निर्माण किया था। 628 ईस्वी में पैगंबर मोहम्मद ने पहली इस्लामी हज की शुरुआत की। 632 ईस्वी में उन्होंने हज के आधुनिक स्वरूप को स्थापित किया, जो आज भी मुस्लिम मानते हैं।

# नाइजीरिया में हिंसक हमलों में 43 से अधिक लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य बेन्यू प्रांत में स्थानीय समुदायों पर किए गए हमलों में 43 से अधिक लोगों की जान चली गई है। नाइजीरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि हमले रविवार देर रात ग्वेर वेस्ट और अपा क्षेत्रों में हुए, जहां हमलावरों ने अलग-अलग घटनाओं में स्थानीय समुदाय को निशाना बनाया, जिनमें से कुछ के पास तेज हथियार थे। एक आदिवासी नेता डैनियल अबोमत्से के अनुसार सोमवार को अपा क्षेत्र में कम से कम 25 लोगों की मौत हुई, जबकि ग्वेर वेस्ट में 18 से अधिक शव बरामद किए गए।

# घबराया वियतनामः दो से अधिक बच्चे पैदा करने की दी छूट

**हनोई।** वियतनामी नेशनल असेंबली ने मंगलवार को जनसंख्या अध्यादेश में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे परिवारों को एक या दो बच्चों तक सीमित करने वाले नियम को हटा दिया गया।इस महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव का उद्देश्य देश की जनसंख्या संरचना को संतुलित करना और सतत विकास को बढ़ावा देना है।वियतनाम समाचार एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बताया कि संशोधित कानून दंपत्तियों को अपने परिवार के आकार और बच्चों के बीच के अंतर को तय करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह बदलाव वियतनाम की जनसंख्या प्रबंधन नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो देश की बदलती जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं और सतत विकास की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है।



















